तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 29.8 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025



14 बृजमोहन बोले- राज्यों में उर्वरकों की उपलब्धता...





20 चार्ज लेते ही आंबेडकर अस्पताल पहुंचीं...




गांधी सदन में चल रहा रिनोवेशन काम, शहीद स्मारक भवन में 29 को विशेष सामान्य सभा की बैठक

# 30 साल बाद नगर निगम भवन के बाहर होगी सामान्य सभा, एक देश-एक चुनाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के इतिहास में पहली बार विशेष सामान्य सभा नगर निगम मुख्यालय के बाहर किसी अन्य खास जगह पर होने जा रही है। सभा का एकमात्र एजेंडा होगा- एक राष्ट्र एक चुनाव। 29 अप्रैल को शहीद स्मारक सभा भवन में इस पर गहन चर्चा होगी। सभापति सूर्यकांत राठौर ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पर अनुमोदन के लिए यह

- सभापति सूर्यकांत राठौर ने निगम अधिकारियों के साथ तैयारियों का लिया जायजा


⏭ शेष पेज 18 पर


## एक देश एक चुनाव प्रस्ताव पर अनुमोदन के लिए आहूत

### नेता प्रतिपक्ष को लेकर बोले सभापति- कांग्रेस पार्टी तय करेगी

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर चल रहे उहापोह को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का विषय है। वही तय करेगी कि नेता प्रतिपक्ष किसे रखना है। न हमने कभी ओवरटेक किया है, न ओवर टेकिंग करेंगे। आकाश तिवारी को लेकर लेटर आया है, पर अभी तक हमने देखा नहीं।



### शहीद स्मारक भवन में बैठक व्यवस्था का निरीक्षण

शनिवार को निगम सभापति सूर्यकांत राठौर निगम अधिकारियों के साथ शहीद स्मारक सभा भवन हॉल पहुंचे। वहां उन्होंने विशेष सामान्य के लिए सत्ता पक्ष, विपक्ष के पार्षदों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा दर्शकों के बैठक व्यवस्था के लिए किये जा रहे प्रशासनिक तैयारियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उनके साथ जोन 2 कमिश्नर डॉ.आर.के डोंगरे,निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे सहित निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभापति की मंच पर आसंदी सहित सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ समन्वय बनाकर पूरा करने निर्देश दिए।

वक्फ अध्यक्ष की दो टूक

# देना होगा किराया, नहीं तो कर देंगे बेदखल, 400 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड ने बड़ा एक्शन लिया है। प्रदेशभर में 500 करोड़ की संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री की बात कहते हुए बोर्ड ने करीब 400 को नोटिस थमा कर जवाब मांगा है। इसमें राजधानी रायपुर के मालवीय रोड के भी कुछ व्यापारी शामिल हैं। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, एवन बेकरी, सुप्रीम फूटवियर, पगारिया ज्वेलर्स सहित कई दुकानदार शामिल हैं। एक तरफ जहां इन दुकानदारों का लगातार दावा है कि उनकी संपत्ति वक्फ की नहीं है, वहीं वक्फ के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का साफ कहना है, सभी को 21 दिनों का समय दिया गया है। समय सीमा में जो



- प्रदेशभर में 500 करोड़ की संपत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड का एक्शन प्लान


⏭ शेष पेज 18 पर


### किया है फर्जीवाड़ाः सलीम राज

इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, दुकानदारों के जवाब से बोर्ड संतुष्ट नहीं है। फर्जीवाड़ा करके जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया, जो खुद किराएदार रहे हैं, वो भला कैसे किसी को जमीन बेच सकते हैं। पूरी तरह से फर्जीवाड़ा करके वक्फ की संपत्ति को बेचने का काम किया गया है। मप्र के वक्फ बोर्ड ने भी किसी भी तरह की कोई एनओसी जारी नहीं की है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जहां-जहां भी वक्फ की जमीन पर कब्जा है, उसको मुक्त कराया जाएगा।

### कहां कितनी संपत्ति

राजधानी रायपुर में वक्फ बोर्ड की 832 संपत्तियां हैं, बिलासपुर में 1401, दुर्ग में 125, बस्तर में 55 और कोरबा में 44, राजनांदगांव में 300, धमतरी में 312, गरियाबंद में 943, सरगुजा में 226 और सूरजपुर में 354 संपत्तियां हैं।

# मुख्यमंत्री सहित चार मंत्रियों का आसियाना नया रायपुर में आबाद बाकी के शिफ्ट होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नया रायपुर में प्रदेश के मंत्रियों के लिए बनाए गए बंगले में चार मंत्रियों ने वहां पर रहना शुरू कर दिया है। यहां पर बाकी मंत्रियों का आसियाना तैयार है, पर अभी वहां पर उनकी शिफ्टिंग नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि नया रायपुर में मुख्यमंत्री निवास के तैयार होने के बाद उन्होंने यहां पर गृह प्रवेश किया था। उनके गृह प्रवेश के बाद कृषिमंत्री रामविचार नेताम, वनमंत्री केदार कश्यप, खाद्यमंत्री दयालदास बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गृह प्रवेश किया था। ये चारों मंत्री नया रायपुर के

- सेक्टर-24 में मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष के बंगले बनकर तैयार


⏭ शेष पेज 18 पर


### मुख्यमंत्री निवास में रौनक

नया रायपुर के सीएम निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जाते हैं। यहां पर अफसरों के कार्यालय और अन्य सुविधाएं भी तैयार की गई हैं। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। नया रायपुर के बंगले में मुख्यमंत्री अक्सर बैठक करने के अलावा कई बार यहां रुकते भी हैं। चूंकि शहर का निवास स्थान आम लोगों के पहुंच के लिए आसान है, अतः इसे भी बनाए रखा गया है। नया सीएम हाउस 65 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। 8 एकड़ में फैला मुख्यमंत्री निवास कई सुविधाओं से


⏭ शेष पेज 18 पर


# साय ने कहा- पाकिस्तानियों को जाना होगा छत्तीसगढ़ से

- पाकिस्तानी हिंदुओं ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रहने वाले पाकिस्तान मूल के नागरिकों को जल्द ही राज्य छोड़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संवाददताओं से चर्चा में कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा। सभी शॉर्ट वीजा को निरस्त कर दिया गया है और अब छत्तीसगढ़ में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाना होगा।

गौरतलब है, बीते 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा


⏭ शेष पेज 18 पर


### छत्तीसगढ़ में भी जांच शुरू

भारत सरकार के आदेश के तहत अब छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तानी नागरिकों की जांच शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में हजारों पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं, जिनमें सैकड़ों लोग अकेले रायपुर में रहते हैं। इनमें अधिकतर सिंधी समुदाय से हैं। पुलिस द्वारा वीजा और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। रायपुर में पाकिस्तानी मूल के सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। ये लोग आमतौर पर अपने रिश्तेदारों से मिलने, इलाज कराने या धार्मिक उद्देश्यों से भारत आते हैं। कई लोग बिजनेस और मेडिकल वीजा


⏭ शेष पेज 18 पर


# ग्रीष्मलहर से राहत, शाम होने के बाद हवा की गति भी तेज हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से प्रदेश में ग्रीष्मलहर वाली स्थिति फिलहाल टल गई है। शनिवार को छाए बादलों के प्रभाव से अधिकतम तापमान 1 डिग्री कम होकर 43 पर रुक गया। शाम होने के बाद राजधानी समेत कुछ शहरों में तेज हवा ने भी गर्मी से थोड़ी राहत दिलाई। मई के प्रथम सप्ताह तक हवा-पानी के असर से तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है। लगातार पड़ रही गर्मी की वजह प्रदेश पूरी तरह तप चुका और पिछले दिनों लंबे समय तक चलने वाली ग्रीष्मलहर के प्रभाव से लोग झुलस चुके हैं।

- मई के प्रथम सप्ताह तक प्रचंड गर्मी के आसार कम, शाम के बाद हवा-पानी भी

### दो द्रोणिका और एक चक्रवाती घेरा

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में द्रोणिका के रूप में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मध्य महाराष्ट्र के दक्षिणी भाग से मन्नार की खाड़ी तक विस्तारित है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उससे लगे हिमालयीन पश्चिम बंगाल के ऊपर मौजूद है।

**ऐसा रहा तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.0 |
| माना | 42.5 |
| बिलासपुर | 43.2 |
| पेंड्रा | 41.6 |
| अंबिकापुर | 40.6 |
| जगदलपुर | 38.2 |





IDENTIFICATION OF THE ORIGINAL SALE

RK GROUP

27 व 28 अप्रैल 2025

रविवार व सोमवार

ब्रांडेड गारमेंट्स, फूटवियर एवं होमडेकोर

उच्च मुद्रास्फीति की वजह से कंपनी के गोदाम में स्टॉक ओवरफ्लो हो गया है, इसलिए हम आपको इतना बड़ा डिस्काउंट दे रहे हैं।

हम अपना पूरा स्टॉक क्लियर कर रहे हैं

होटल बेबीलोन केपिटल में ब्रांडेड गारमेंट्स, फूटवियर और होम डेकोर का पूरा स्टॉक 90% तक की छूट पर होगा।

स्टॉक क्लियरेंस सेल - केवल 2 दिनों के लिए

होटल बेबीलोन केपिटल में 2 से 3 करोड़ का माल 50 लाख के अंदर कैश एंड कैरी कर बेचा जाएगा।

8000/-, 10000/- और 15000/- तक के नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड के कपड़े केवल 800/-, 1200/- और 1500/- में उपलब्ध होंगे।

मेन्स वियर

जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर शॉर्ट्स, कुर्ता, पायजामा, शेरवानी, कोटी, ब्लेजर } ₹2,000 से ₹ 20,000 रुपये तक की कीमत के 250 से ₹ 750 रुपये में उपलब्ध और ₹ 1,200 से ₹ 2,500 रुपये

लेडिज़ एवं गर्ल्स वियर

टॉप, कुर्ती, प्लाजो, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर, शॉर्ट्स और लेगिंग्स, वन पीस, पार्टी वियर सूट } ₹1,000 से ₹ 7,000 रुपये तक की कीमत के 100 से ₹ 299 रुपये में उपलब्ध और ₹ 400 से ₹ 850 रुपये में उपलब्ध

किड्स वियर

जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, लोअर, फ्रॉक, शॉर्ट्स और बहुत कुछ... } ₹1,000 से ₹ 5,000 रुपये तक की कीमत के 299 से ₹ 499 रुपये में उपलब्ध

ब्रांडेड फूटवेयर

जेंट्स लेडीज किड्स - स्पोर्ट्स शू, लेदर शू, ट्रेकिंग शूज, सैंडल, स्लीपर, बेली } ₹1,000 से ₹ 5,000 रुपये तक की कीमत के ₹350 से ₹ 299 रुपये में उपलब्ध

होम डेकोर एवं स्पेशल काउंटर

लेडीज पर्स, लेडीज डिजाइनर बैग, तौलिया, पर्दे, कम्फ़र्टर, चादर, बटुआ, बेल्ट, स्कूल बैग, आफिस बैग, डोरमैट, चश्मा, इत्र और बहुत कुछ। } ₹1,000 से ₹ 7,500 रुपये तक की कीमत के ₹250 रुपये में उपलब्ध

"Terms & Condition Apply ALL MAJOR DEBIT & CREDIT CARD ACCEPTED

स्थान - होटल बेबीलोन केपिटल

RK GROUP Branded Store

वी.आई.पी. चौक, ओसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, रायपुर

कोई एंट्री फीस नहीं, कोई पार्किंग चार्ज नहीं

समय- सुबह 10 से रात 10 बजे तक

हमारे एक्ज़ीबिशन एवं नये स्टॉक की जानकारी हेतु हमारे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करें:

THEBRANDEDSTOREINDIA

नोट: 1. कंपनियों के दबाव के कारण हम सभी प्रोडक्ट के ब्रांड के नाम न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं कर सकते। 2. रायपुर की जनता से निवेदन है कि इस बिक्री को किसी भी हालत में मिस ना करें। 3. हमारा दावा है कि इस बिक्री के बाद कभी भी इतने बड़े ब्राण्ड इतने सस्ते खरीदने को नहीं मिलेंगे। 4. जिस काउन्टर का स्टॉक खत्म हो जाएगा वो काउन्टर तुरंत बंद कर दिया जायेगा। 5. कृपया हॉल में शांति बनाएं रखें।

# बृजमोहन बोले- राज्यों में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त, किसानों के हित में हो रहे ठोस कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रसायन और उर्वरक मंत्रालय की स्थाई संसदीय समिति इन दिनों त्रिपुरा, असम और मेघालय की अध्ययन यात्रा पर है। समिति अध्यक्ष कीर्ति आजाद के नेतृत्व में हो रही इस यात्रा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत 17 से अधिक सदस्य शामिल हैं। अगरतला (त्रिपुरा) में अध्ययन यात्रा के दौरान त्रिपुरा राज्य सरकार, ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों और किसानों के साथ अनौपचारिक चर्चा हुई। चर्चा का मुख्य विषय पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण रहा। इस अवसर पर किसानों की आवश्यकताओं, समस्याओं और समाधान के लिए गहन संवाद हुआ।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, किसानों के हित और कृषि क्षेत्र का समुचित विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समिति द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर उर्वरक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राज्यों में उर्वरकों की उपलब्धता और किसानों के हित में ठोस कार्य हो रहा है। किसानों की सुविधा सुनिश्चित करना हमारी प्रतिबद्धता है। इसके अतिरिक्त, रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग (डीसीपीसी) और केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के प्रतिनिधियों के साथ भी अनौपचारिक चर्चा हुई। चर्चा का विषय चरम भारतीय जलवायु परिस्थितियों के तहत खाद्य उत्पादों में माइक्रोप्लास्टिक लीचिंग के जोखिम को कम करने के लिए खाद्य ग्रेड प्लास्टिक में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना रहा। श्री अग्रवाल ने कहा, खाद्य सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना समय की मांग है। इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे ताकि नागरिकों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जा सके।

## खबर संक्षेप

### समीरा और उपेंद्र को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन ने गौरेला पेंड्रा मरवाही में जिला पंचायत चुनाव में बागी चुनाव लड़ने वालों को नोटिस दिया है। इसमें भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाली समीरा पैकरा और भाजपा के अधिकृत उपाध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाले उपेंद्र बहादुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सात दिनों में जवाब मांगा गया है। जवाब न देने पर पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित करने की बात भी नोटिस में कही गई है।

### बारिश के पहले नालों की सफाई कराने निर्देश

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने शनिवार को जोन-3 क्षेत्र के आनंद नगर, कविता नगर और अरमान नाला का निरीक्षण कर बारिश पूर्व नाला सफाई कराने निर्देश दिए, ताकि गंदे पानी की निकासी की सुगम व्यवस्था हो और रहवासी इलाकों में जलभराव की समस्या का सामना लोगों को न करना पड़े। आयुक्त ने अधिकारियों को शौचालय की सतत मॉनिटरिंग करते हुए सफाई व्यवस्था बनाए रखने निर्देशित किया। गुरु गोविंद सिंह वार्ड के झंडा चौक सहित 3 स्थानों पर पेयजल की समस्या का तत्काल निराकरण कराने जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल को निर्देश दिए।

# पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के दायरे में अब 13 सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

- शासकीय सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी के लिए किया महत्वपूर्ण सुधार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए एक और महत्वपूर्ण सुधार लागू किया है। राज्य के प्रमुख विभागों की 13 सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है, ता कि नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिलें। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर तथा ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल हैं। इस कदम से मंजूरी और अनुमति की प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी होगी, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत इन 13 सेवाओं के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य होगा।




**इन सेवाओं का मिलेगा लाभ**

इस नई व्यवस्था में पर्यावरण मंजूरी, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन, टाउन प्लानिंग अनुमोदन और जल संसाधन से संबंधित अनुमतियां जैसी सेवाएं शामिल हैं। पहले इन सेवाओं में देर के कारण व्यवसायियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब तय समयसीमा के साथ यह सुनिश्चित होगा कि आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द हो।

यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। यह प्रणाली न केवल सरकारी कामकाज को गति देगी, बल्कि नागरिकों और व्यवसायियों के बीच सरकार के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ में हर नागरिक और व्यवसायी को सरकारी सेवाएं तेजी से और पारदर्शी तरीके से मिलें। पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत 13 महत्वपूर्ण सेवाओं को शामिल करना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। यह सुधार न केवल जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, बल्कि राज्य में निवेश और विकास को भी नई गति देगा।




# शिक्षा भूमि



## Admissions Open 2025-26




**शिक्षा के नए आयाम –** आपके सपनों का स्कूल अब आपके शहर मेंबदलते समय के साथ अब शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह एक समग्र विकास का माध्यम बन चुकी है। एक अच्छा स्कूल न केवल बच्चों को शिक्षा देता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व को निखारता है, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करता है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है छत्तीसगढ़ में अब ऐसे कई स्कूल सामने आ रहे हैं जो आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित शिक्षकों और नैतिक मूल्यों के समावेश से शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रहे हैं। पारंपरिक शिक्षा पद्धति के साथ-साथ अब स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग, योग, खेल, कला और संगीत को भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जा रहा है। आज के अभिभावक सिर्फ स्कूल की बिल्डिंग नहीं, बल्कि वहाँ की गुणवत्ता, शिक्षकों का अनुभव, स्कूल का ट्रैक रिकॉर्ड, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ और संस्कारों की परंपरा को देखकर ही अपने बच्चों के लिए संस्थान चुनते हैं।



Contact for ad 7987119756, 9302016344












## खबर संक्षेप



### कन्हैयालाल छुगानी की जयंती पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** स्व. कन्हैयालाल छुगानी की जयंती पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा साईं केयर हॉस्पिटल व सिटी ब्लड बैंक के सहयोग से 27 अप्रैल को लगाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष मुरली केवलानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक रहे स्व. छुगानी की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में हर वर्ग के लोग शामिल हो सकते हैं। इस पुनीत कार्य में भारतीय सिंधु सभा, कृष्णा सिंधु चेरिटेबल ट्रस्ट, झूलेलाल नवयुवक संघ, एक पहल और तथा सिंधी साहिती बिरादरी मंडल का सहयोग प्राप्त होने के साथ-साथ विधायक पुरंदर मिश्रा तथा पूज्य शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रफुल्ल विश्वकर्मा आदि मिल रहा सहयोग।

### मरीन ड्राइव में युवाओं के लिए संगीत संध्या आज




**रायपुर।** संगीत की दुनिया के उभरते हुए युवा बॉलीवुड सिंगर यश सिंह ठाकुर का हवाएं द बैंड द्वारा युवाओं के लिए संगीतमय बेहतरीन गायकी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) में 27 अप्रैल को रात 7 बजे से होगा। इस आयोजन में सभी तरह के पुराने-नए गीतों की प्रस्तुति बैंड के सदस्यों द्वारा दी जाएगी। यह जानकारी बैंड के सदस्यों ने देते हुए बताया कि इस बेहतरीन खुशनुमा संगीत संध्या में उम्दा गीतों की महफिल में सभी को आमंत्रित किया जा रहा है।

# सेवन स्टार रेटिंग की तैयारी, जीएफसी और वाटर प्लस सर्वे करेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गांधी सदन में गार्बेज फ्री सिटी, वाटर प्लस सर्वे तैयारी प्रशिक्षण
- रहवासी क्षेत्र और स्लम एरिया में सफाई की होगी परख



रायपुर शहर 7 स्टार रेटिंग की तैयारी में जुट गया है। आने वाले दिनों में दिल्ली से आई टीम राजधानी में गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए शहरभर का सर्वे करेगी। इस मूल्यांकन में राजधानी के रहवासी क्षेत्र और झुग्गी बस्तियों में सफाई की धरातल पर परख होगी। इसी सिलसिले में शनिवार को महात्मा गांधी सदन के सभागार में वाटर प्लस सर्वे की तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दरअसल, शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने निगम प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। साथ ही वॉटर प्लस सर्वे को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 10 जोन के स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी, जोनल नोडल अधिकारी, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी सहित सहायक नोडल अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। आगामी कुछ दिनों में दिल्ली से आई टीम जीएफसी और वॉटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए रायपुर का सर्वे करेगी। विदित हो, गारबेज फ्री सिटी की श्रेणी में रायपुर शहर को पिछले साल फाइव स्टार रेटिंग मिला। इस बार शहर ने सेवन स्टार रेटिंग सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है। इसी रेटिंग के लिए सर्वे टीम अलग-अलग मापदंडों पर शहर का आकलन करेगी। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान ने कहा, स्वच्छता सर्वे के दौरान निगम की पूरी टीम ने तत्परता से कार्य किया है। अब दो सर्वे के लिए भी निगम की टीम ने कमर कस ली है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जोन और वार्ड आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडू ने सर्वे से संबंधित तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहर में सर्वे के मापदंडों के अनुसार नालों की सफाई, हरियाली, शौचालय और स्ट्रीट लाइट सुव्यवस्थित हो। सर्वे में रहवासी और झुग्गी क्षेत्रों की सफाई का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### सुबह-शाम बरतन लेकर पानी का जुगाड़ करने का टेंशन

# वाल्मीकि नगर, इंदिरा नगर, दुर्गा नगर में गहराया जल संकट, पटरी पार कर पानी लाने का जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के चुनिंदा 100 शहरों में शामिल रायपुर के वाल्मिकी नगर, इंदिरानगर, दुर्गानगर, खमतराई का शिवनगर ऐसी बस्ती है, जहां आज भी रहवासियों को रेलवे पटरी पार कर पानी के लिए जान जोखिम में डालना मजबूरी बन गई है। नगर निगम के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में पेयजल संकट के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे। वहीं जोन 9 कमिश्नरी क्षेत्र के छोकरानाला के पास बसी बस्ती चंडीनगर में पानी आपूर्ति के लिए खोदे गये 4 बोरेवल का पानी प्रदूषित हो चला है। जोन कमिश्नर का कहना है, ये सभी बोरवेल नाले के पास हैं, इसलिए पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने की व्यवस्था की गई है।

शहर में पारा 43 डिग्री के पार जाने साथ ही तेज गर्मी के चलते रहवासी बस्तियों में पानी संकट से लोग परेशान हैं। नगर निगम जोन 2 के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड स्थित वाल्मिकी नगर बस्ती के रहवासी सुबह नल खुलने के समय पानी, गुंडी लेकर रेल्वे पटरी पार कर त्रिमूर्ति नगर जाकर पानी लाते हैं। जान जोखिम में डालकर परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करना उनकी मजबूरी है। नगर निगम के अधिकारियों से उन्होंने पेयजल समस्या को लेकर शिकायत भी की है, इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई। इसी तरह इंदिरा नगर, शिवनगर खमतराई, दुर्गानगर में पानी की समस्या दूर करने टैंकर भेजा जा रहा है।

## चंडी नगर में बोर का पानी दूषित



### बोर का पानी दूषित, चंडीनगर में टैंकर

जोन 9 क्षेत्र स्थित छोकरानाला के समीप स्थित चंडीनगर में जल आपूर्ति के लिए 4 बोरवेल का खनन कराया गया। बोर का पानी दूषित होने से पीलिया की शिकायत आने पर इन बोरवेल को बंद कराया गया। रहवासी बस्ती में नगर निगम अब पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने में लगा है। 30 मार्च से यह स्थिति बनी हुई है।

### महापौर के पुराने वार्ड में पानी की किल्लत, समीक्षा बैठक में पार्षद को नहीं बुलाया

डॉ. खूबचंद बघेल महापौर मीनल चौबे का पुराना वार्ड रहा है, इस वार्ड के रहवासी बस्तियों में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। गणपति नगर, महादेव नगर, करण नगर, डेयरी मोहल्ला में लोग पानी के लिए तरस गये हैं। हाल ही में जोन 5 कार्यालय में जोन अध्यक्ष की मौजूदगी में पेयजल समस्या को लेकर वार्ड पार्षदों और जल विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई गयी। इस बैठक में वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू को नहीं बुलाया गया। इससे वार्ड पार्षद नाराज हैं, उनका ये भी कहना है, जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम 4 टैंकर पानी आपूर्ति के लिए भेज रहा है, जो कि जल संकट की विकरालता को देखते हुए कम है। कम से कम 5 पानी टैंकर की व्यवस्था जरूरी है, पानी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार के रवैये को लेकर भी वार्ड पार्षद ने नाराजगी जताई है।

### भनपुरी में 2 पानी टंकी फिर भी नल की धार पतली

भनपुरी में 10 लाख लीटर की पुरानी पानी टंकी और 30 लाख लीटर नई पानी टंकी से जल आपूर्ति होने के कारण पिछले साल पानी टैंकर भेजने की जरूरत नहीं पड़ी थी। इस बार मार्च माह से ही बंजारी माता वार्ड के रामेश्वर नगर, केबिनपारा के 700 मकानों में किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। पूर्व पार्षद नागभूषण राव ने कहा निगम अधिकारियों की लापरवाही की वजह से नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। इसी तरह यतियतन लाल वार्ड के भनपुरी स्थित विजय नगर, बुनियाद नगर, टिंबर मार्केट एरिया के 1 हजार आवास जो पिछले बार टैंकर फ्री रहे इस बार पानी टैंकर भरोसे हैं।

**साढ़े तीन हजार प्रकरण में जब्त 18 हजार लीटर शराब को किया गया नष्ट**

# सवा करोड़ रुपए की शराब को बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



थानों के मालखाना में लंबे अरसे से कैद सवा करोड़ रुपए की शराब का शुक्रवार को माना थाना परिसर में जेसीबी से रौंदकर नष्टीकरण किया गया। शराब नष्टीकरण की कार्रवाई एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर की गई। शराब नष्टीकरण आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा, एएसपी कीर्तन सिंह राठौर, सीएसपी अमन झा की निगरानी में की गई।

जिले के ज्यादातर थानों के मालखाने की पहचान शराब यार्ड के रूप में होती है। मालखानों में अन्य जब्ती समान से ज्यादा शराब की बोतलें, जेरिकन तथा महुआ शराब बनाने में उपयोग आने वाले लाहन से भरा होता है। इसके चलते थानों में रिपोर्ट दर्ज कराने जाने वाले फरियादियों को नाक बंद कर रिपोर्ट दर्ज कराने मजबूर होता है। पुलिस ने जो शराब नष्टीकरण की है, वह आबकारी अधिनियम के तहत साढ़े तीन हजार से ज्यादा प्रकरणों में जब्त शराब है।

### परिसर में बह गई शराब

शराब नष्ट करने के पूर्व बोतलों को जमीन में चादर की तरह बिछाया गया। इसके बाद बोतलों पर जेसीबी चलाई गई। शराब की बोतलों में जैसे ही जेसीबी चलने लगी, चारों तरफ बोतल चटखने की आवाज आने के साथ थाना परिसर में शराब फैल गई और पूरा परिसर कांच के टुकड़ों से भर गया।

### देशी, विदेशी शराब के साथ बीयर नष्ट की गई

माना में जो शराब नष्ट की गई, उसमें 12 हजार 582 लीटर देशी शराब, 5 हजार 583 लीटर विदेशी शराब, 88 लीटर महुआ शराब, 427 लीटर बीयर की बोतल शामिल है। मालखाना से शराब खाली होने के बाद संबंधित थानों के टीआई के साथ ही सबसे ज्यादा राहत माल मुंशी को मिली है। नित शराब का हिसाब रखने में माल मुंशी को थाना के अन्य स्टाफ से ज्यादा परेशानी होती थी। साथ ही माल मुंशी शराब की गंध से परेशान होता था।

# चिकन सेंटर में मुर्गे का पैसा देने के विवाद पर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चिकन सेंटर में मुर्गा खरीदी के विवाद पर वहां काम करने वाले युवक की हत्या के आरोप में तेलीबांधा पुलिस ने एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। घटना एक सप्ताह पूर्व 20 अप्रैल की है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। चिकन सेंटर में काम करने वाले युवक की मौत सीढ़ी से खींचने से सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। चिकन सेंटर संचालक नानू यादव की शिकायत पर पुलिस ने नरेश कुमार धीवर की हत्या के आरोप में खम्हारडीह निवासी सुनील कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। नानू ने पुलिस को बताया है कि 20 अप्रैल को सुनील उसके चिकन सेंटर में मुर्गा खरीदने के लिए आया था। मुर्गा तौलाने के बाद वह ले जा रहा था। सुनील से नरेश ने चिकन के पैसे मांगे, तो सुनील ने चिकन का पैसा दिए जाने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान चार्ज में लगे मोबाइल को सुनील ने निकालकर अपनी जेब में रख लिया, जिसे नरेश ने देख लिया और सुनील को मोबाइल वापस करने के लिए कहा।

### सिर पर चोट लगने से कोमा में आया

विवाद के दौरान सुनील ने नरेश को झटके से दुकान की तीन-चार सीढ़ी से नीचे खींचा। इस वजह से नरेश सिर के बल सीढ़ी से नीचे गिरकर बेहोश हो गया। चिकन सेंटर संचालक नरेश को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गया, जहां उसके कोमा में आने की जानकारी मिली। इसके बाद नरेश को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी 22 अप्रैल को उपचार के दौरान मौत हो गई।

### दुकान कर्मियों ने पकड़ा

नरेश को सीढ़ी से गिराने के बाद सुनील मौके से भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान दुकान में काम करने वाले अन्य लड़कों ने सुनील को पकड़ा और उसकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द किया।

## रवि भवन सोमवार को रहेगा एक बजे तक बंद

**रायपुर।** रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी से कहा, पहलगाम में देश के निर्दोष सैलानियों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया यह कायराना, बर्बर और अमानवीय हमला पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर देने वाला है। इन कायर आतंकियों ने निर्दोष लोगों के खून से धरती को लाल किया है। इस वीभत्स हमले में हमारे अपने रायपुर के युवा व्यापारी दिनेश मिरनिया (अग्रवाल) सहित 26 से अधिक लोगों ने अपनी अमूल्य जान गंवाई। रवि भवन व्यापारी संघ इस जघन्य आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करता है और दिनेश मिरनिया सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति दें। कोर कमेटी के निर्णय अनुसार, समस्त व्यापारी सोमवार को दोपहर 1 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखेंगे। 1 बजे ऑडिटोरियम में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दुकानें खोली जाएंगी।

## सिद्धांत ने अध्यक्ष पद की ली शपथ

**रायपुर।** एनआईटी रायपुर के गोल्डन टॉवर में शनिवार को पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इशराई के रीजनल डायरेक्टर अमरेंद्र गोस्वामी रहे। नए अध्यक्ष के रूप में सिद्धांत शर्मा ने ISHRAE रायपुर सब चैप्टर की अध्यक्षता की शपथ ली। साथ ही प्रेसिडेंट इलेक्ट के रूप में प्रियांश डस्सानी ने भी शपथ ग्रहण की। सचिव पद पर संध्या सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप महोबे ने भी अपने पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम के रूप में पौधारोपण के साथ हुई, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। समारोह की अध्यक्षता बीते वर्ष के अध्यक्ष रवि जग्गी ने की।



**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं प्रिया भगत, उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता- श्री जगजीवन राम भगत, निवासी- 41/374, हनुमान मंदिर के पास, पटेल चौक, सुदामा नगर, टिकरापारा, रायपुर छ.ग. वर्तमान निवासी ब्लाक नं 17 ए, मकान नंबर- 304, पुलिस कॉलोनी, अमलीडीह, रायपुर छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही हैं।
2. यह कि, मेरे 12वी के अंकसूची में मेरे पिता का नाम जगजीवन भगत JAGJIWAN BHAGAT दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि, मेरे पिता का सही नाम जगजीवन राम भगत JAGJIWAN RAM BHAGAT जो कि सत्य एवं सही है और यही नाम मेरे पिता के शैक्षणिक प्रमाण पत्रो व आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेजो में दर्ज है व मेरे 12वी के अंकसूची में मेरे पिता का सही नाम JAGJIWAN RAM BHAGAT दर्ज किया जावे।
4. यह कि, उपरोक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**सत्यापनः-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 की बाते मेरे निजी जानकारी से सत्य व सही है अतः आज दिनांक को रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 25-APR-2025

**सत्यापनकर्ती**
**प्रिया भगत**

**Notice under section 72 of Indian Partnership Act 1932**

Notice is hereby given for change in constitution of Firm "M/S SABA INFRAVENTURE 2" registered office at 59, Rohanipuram, Opp. Sehnai Garden, Near Goel Chowk, Raipur (C.G.). Where in PARTHIVI CONSTRUCTION PVT LTD through its director Shri Shailesh Verma have retired as a partner w.e.f. 31-03-2025.

**For, M/S SABA INFRAVENTURE 2**
**(Partner)**
**SANJAY BAGHEL**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / 202504111500053
अ-6/ वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 08/04/2025

एतद् द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अम्बा बाई वर्मा पिता घनाराम नायक निवासी ग्राम रायता मनोहरा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 472/43 ब्लॉक नंबर 06 भूखण्ड क्रमांक 57 रकबा 600 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता/अनावेदक खेम सिंह नायक पिता घनाराम नायक निवासी- सोनकर बाड़ी महादेवघाट रोड श्रीराम हॉस्पिटल के पास रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 17/08/2023 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/04/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**आम मुख्यारनामा दिनांक 25-07-2024 के निरस्तीकरण के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकारान अंजय शुक्ला पिता स्व. विजय शंकर शुक्ला एवं अजीत थारवानी पिता जेठानंद थारवानी, दोनों निवासी सिविल लाईन रायपुर छ.ग. के द्वारा दिनांक- 25-07-2024 को मुख्यार आम राकेश वाधवा पिता श्री चन्द्रपाल वाधवा के पक्ष में अपने स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा मुनगेसर, प.ह.नं.- 04, रा.नि.मं. चन्दखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर-32/44 एवं 32/32 रकबा 0.1075 हे. एवं 0.0478 हे. भूमि के संबंध में देखरेख करने एवं विक्रय करने हेतु निष्पादित किया गया था।

मुख्यार आम राकेश वाधवा के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में विक्रय करने हेतु इकरारनामा या विक्रय पत्र का निष्पादन नहीं किया गया है। मुख्यार आम के द्वारा उक्त मुख्यारनामा का अनुचित लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है इसकी जानकारी मेरे पक्षकारान को होने के पश्चात तत्काल प्रभाव से उक्त मुख्यारनामा को निरस्त किया गया है जिसके संबंध में यह आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। इस आम मुख्यारनामा के प्रकाशन के पश्चात समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि इस उक्त मुख्यारनामा के आधार पर उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने या किसी भी प्रकार से संव्यवहार न करें यदि ऐसा किया जाता है तो उसके लिये मेरे पक्षकारान किसी भी प्रकार से जिम्मेदार, जवाबदार व देनदार नहीं रहेंगे।

**सो सूचना जानें।**

रायपुर छ.ग.
दिनाँक-26-04-2025


भवदीय
**अंजिनेश शुक्ला (अधिवक्ता)**
**सिविल लाईन, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.-8051866666**











17 सुर-ताल के साधकों ने शास्त्रीय गायन ....

## लाइव इवेंट

## खगोल विज्ञान के रहस्यों से रूबरू हुए विद्यार्थी



**रायपुर।** प्रगति कॉलेज, चौबे कॉलोनी के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा शुक्रवार को खगोलिया विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन डॉ. नंदकुमार चक्रधारी, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ स्टडीज इन फिजिक्स एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से शामिल हुए। डॉ. चक्रधारी ने खगोल विज्ञान के रहस्यों, सौरमंडल, तारामंडलों, पृथ्वी के मौसम चक्र, सप्ताह के दिनों के नामकरण, शुक्र ग्रह की परिक्रमा और चंद्रमा से जुड़ी रोचक जानकारियों को सरल और संवादात्मक अंदाज में विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने प्रगति कॉलेज की भौगोलिक स्थिति के आधार पर विभिन्न समयों और महीनों में दिखाई देने वाले तारों और ग्रहों की स्थितियों की भी व्याख्या की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को खगोल भौतिकी की उस शाखा से भी परिचित कराया गया, जो ब्रह्मांड और उसमें मौजूद सितारों, आकाशगंगा एवं ब्लैक होल जैसे रहस्यमयी पिंडों का अध्ययन करती है। व्याख्यान ने छात्रों में खगोल विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सौम्या नैयर, कप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मन्नू रवानी एवं समस्त प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मनप्रीत कौर सहायक प्राध्यापक एवं मंच संचालन पवन कुमार यादव, सहायक प्राध्यापक तथा मीडिया और विज्ञापन प्रभारी दानेश्वर भंडारी, भरत लाल साहू, सहायक प्राध्यापक तथा अटेंडेंस प्रभारी मीनल चाफेकर, सहायक प्राध्यापक, फीडबैक प्रभारी शारदा साहू और अनिता साहू सहायक प्राध्यापक, टेक्निकल प्रभारी सौरभ सोनी रहे। अंत में कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रवानी ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

● भीषण गर्मी ने बदला खिलाड़ियों का रूटीन, शाम के बजाय सुबह पहुंच रहे ज्यादातर खिलाड़ी

# सूरज उगने से पहले जाग रहे खिलाड़ी, गर्मी में हीटवेव से बचने अब सुबह 5 बजे से मैदान में बहा रहे पसीना

तेज धूप और 40 डिग्री के पार पहुंचे तापमान ने शहर के खिलाड़ियों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। अब मैदान में पसीना बहाने के लिए खिलाड़ी सुबह 5 बजे ही घरों से निकल रहे हैं। हॉकी, एथलेटिक्स और अन्य आउटडोर खेलों के खिलाड़ी आउटडोर स्टेडियम सहित अन्य ग्राउंड में सुबह 9 से 10 बजे तक ही अभ्यास कर रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिए खिलाड़ियों के अभ्यास का समय बदला गया है। साथ ही शाम के सत्र में भी खिलाड़ी 5 बजे के बाद ही मैदान में उतर रहे हैं। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य है तेज धूप और हीटवेव से खिलाड़ियों को सुरक्षित रखना।

**रायपुर।** खेल विभाग ने भी अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए विभिन्न खेलों के ट्रायल्स और ट्रेनिंग का समय सुबह रखा है, ताकि खिलाड़ियों को तपती धूप का सामना न करना पड़े। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के दौरान शरीर में पानी की कमी तेजी से होती है, जिससे थकावट और स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए खिलाड़ियों को लगातार हाइड्रेट रहने और हल्का भोजन करने की सलाह दी गई है। खिलाड़ियों का कहना है कि भले ही समय बदला हो, लेकिन जुनून वही है। गर्मी को मात देकर भी वे अपने लक्ष्य को पाने के लिए मैदान में पूरे दमखम के साथ जुटे हैं।











### खिलाड़ियों का बढ़ रहा फिजिकल स्टैमिना

खेल कोच मयंक शुक्ला का भी कहना है कि ठंडी फिजा में ट्रेनिंग करने से न सिर्फ फिजिकल स्टैमिना बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक फोकस भी बेहतर हो रहा है। इसके अलावा स्किन एलर्जी और अन्य गर्मी से जुड़ी बीमारियों से भी बचाव हो रहा है। बदलते रूटीन ने खिलाड़ियों की सेहत को तो मजबूत किया ही है, साथ ही उनके प्रदर्शन को भी नई ऊंचाई दी है। वर्तमान में सुबह 5 बजे उजाला हो जाता है। पूर्वान्ह 10 बजे तक तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच जाता है, इसलिए अप्रैल और मई में सुबह ही अभ्यास करना सही है।

### ठंडी हवा में इंडोर गेम्स का मजा ले रहे खिलाड़ी

भीषण गर्मी को देखते हुए अब खिलाड़ी इंडोर स्टेडियम का रूख कर रहे हैं। टेबल टेनिस, बैडमिंटन जैसे खेल अब ठंडी हवा के बीच खेले जा रहे हैं। इंडोर स्टेडियम में कूलर और एसी की व्यवस्था की गई है, जिससे खिलाड़ी गर्म हवा से बचते हुए बिना थके अभ्यास कर पा रहे हैं। ठंडी और नियंत्रित हवा में खेलने से खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस भी बेहतर हो रहा है और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं का खतरा भी कम हो गया है।

### रात को खेल बॉक्स में प्रैक्टिस

गर्मी के चलते खिलाड़ी अब रात के समय खेल अभ्यास कर रहे हैं। फुटबॉल, क्रिकेट, टेनिस समेत कई खेल अब प्राइवेट खेल बॉक्स में रात में खेले जा रहे हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि आने वाले नेशनल टूर्नामेंट के लिए अभी से तैयारी करना बेहद जरूरी है, लेकिन सुबह और शाम के वक्त तेज धूप के कारण मैदान में खेलना मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से अब रात को जब मौसम कुछ ठंडा होता है, तब अभ्यास किया जा रहा है। खेल बॉक्स में खिलाड़ियों के साथ-साथ आम लोग भी मनोरंजन और फिटनेस के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। खेल बॉक्स में खिलाड़ियों के लिए रात में पर्याप्त रोशनी व्यवस्था की है।

### तीखी धूप से बचाव एनर्जी भी बच रही

खिलाड़ियों के रूटीन बदलने से इसका लाभ मिल रहा है। कोटा स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम में नियमित मैदान में अभ्यास करने वाली खिलाड़ी आकांक्षा तिवारी का कहना है कि सुबह ठंडे मौसम में पसीना बहाने से खिलाड़ियों को जल्दी थकान नहीं हो रही है। सूरज की तीखी धूप से बचने की वजह से एनर्जी भी बच रही है, जिससे प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। अभ्यास का समय बदलने से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा भी काफी हद तक कम हुआ है।

## सिटी लाइव

## सफलता के लिए सक्रियता जरूरी, उत्साही को मिलते हैं अवसर, जो सोचें उसे करें



**रायपुर।** जीवन में सफलता के लिए सक्रिय होना जरूरी है। जो व्यक्ति हर समय सक्रिय व उत्साही रहता है, उसे अवसर स्वतः मिलते हैं। निष्क्रियता व्यक्ति को पीछे धकेलती है, सक्रियता नए द्वार खोलती है। एक-एक कदम उठाते हुए निरंतर प्रयास करने वाले लक्ष्य के करीब पहुंचते हैं। जीवन में केवल सीखना पर्याप्त नहीं है, उसे व्यवहार में लाना जरूरी है। हम जो सीखते हैं, उसे उपयोग में लाना चाहिए। इससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही क्षमता भी निखरती है। अपने मन की बातों को दबाने के बजाय उन्हें अमल में लाना चाहिए। जो सपने या लक्ष्य मन में हैं, उन्हें हकीकत में बदलने के लिए हमें उचित कदम उठाने चाहिए। विचारों को काम में बदलने की आदत व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाती है। शैक्षणिक और सामाजिक संस्था युवा द्वारा आयोजित व्याख्यान में यह बात मोटिवेशनल स्पीकर अरुण बागड़े ने कही।

### परीक्षा में सफलता भी आसान होगी

व्याख्यान के दौरान फिल्म इंडस्ट्रीज के पीआरओ दिलीप नामपल्लीवार के साथ ही युवा संस्था के प्रमुख एम. राजीव राव मौजूद थे। उन्होंने श्री बागड़े की उत्साह से सराबोर करने वाली सीख को आत्मसात करने के लिए युवाओं से आग्रह करते हुए कहा, स्पीकर के सुझाव व तकनीक सरल, व्यावहारिक एवं प्रभावी है, जो युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने में मददगार होंगे। इसे जीवन में उतारने से परीक्षा में सफलता भी आसान होगी।



### जैसा बनना चाहते हैं, वैसा सोचें और करें

सीजीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सलाह देते हुए बताया कि जीवन में विशेष बनना चाहते हैं तो उसके अनुरूप सोचें और व्यवहार करें। इस सकारात्मक सोच और काम का संयोजन ही सफलता की कुंजी है। अगर अच्छे वक्ता बनना चाहते हैं तो पहले खुद को उसके अनुरूप बनाएं और फिर प्रयास करें। अंग्रेजी बोलने के डर को दूर करने के लिए एक सरल और प्रभावी तरीका सुझाते हुए बताया कि आईने के सामने बोलने का अभ्यास करें। इससे न केवल आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि बोलने की शैली और हावभाव में भी सुधार होगा।

## घरेलू हिंसा और दुष्कर्म पीड़िताओं के मर्म को कैनवास पर उकेरा

**रायपुर।** इन दिनों घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, छींटाकशी का सामना बेटियों ही नहीं, बल्कि कामकाजी महिलाओं को भी करना पड़ रहा है। इस तरह की शर्मनाक घटनाओं, उनको पढ़ाने और बचाने के भावों को कलाकारों ने कैनवास पर उकरने के बाद उसमें भावनात्मक पीड़ा का एहसास कराने रंगों का समावेश किया है। ऐसे कलाकारों की कृतियों को शनिवार की शाम महाकौशल कला परिषद की कला वीथिका में प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया गया। तारा देवी शर्मा कला उत्सव के इस पहले आयोजन में प्रदेश के वरिष्ठ रचनाकारों के साथ ही युवाओं, महिलाओं और बाल कलाकारों की रचनाएं अंतर्नाद विषय की श्रृंखला में शामिल हैं। महिलाओं से हो रही हिंसा, छेड़छाड़, बलात्कार, भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर चुनिंदा रचनाएं प्रदर्शित की गईं।



### आज दोपहर 12 बजे तक प्रदर्शित

रचनाओं में कलाकारों ने जहां जल, तेल, कोलाज, पेंसिल, चारकोल, पेन, स्याही से रंग भरा, वहीं एक्रेलिक, कंप्यूटर ग्रॉफिक्स से तैयार रचनाओं को भी वीथिका में सजाया गया है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ कलाकार सुमनेश वत्स ने शाम साढ़े 6 बजे किया।100वीं अंतर्नाद राष्ट्रीय जुगलबंदी का समापन रविवार को दोपहर 10 बजे से 12 बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी को कलाप्रेमी निशुल्क देख सकते हैं। प्रदर्शनी में अविनाश नायक, श्रीवंश शाह, प्रियांशी साहू, संस्कृति साहू ,भीम सिंह धीवर, चेतन नायक जैसे कलाकारों की कृतियों को लोग देख सकेंगे। युवा रचनाकारों को यहां सीखने के लिए बहुत कुछ है।

## कैरियर मार्गदर्शन में छात्रों को मिली भविष्य की दिशा



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा महाविद्यालय के छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह ने छात्रों को इस कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराया और उनके भविष्य के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। वक्तव्य के रूप में कुलेश्वर प्रसाद साहू (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) ने कक्षा 10वीं के बाद छात्रों के लिए विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान, वाणिज्य और कला विषयों में किस तरह छात्रों को अपने कैरियर को सही दिशा में मार्गदर्शन करना चाहिए और विभिन्न भर्तियों में शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम में छात्रों को ऐसे कई नए कैरियर क्षेत्रों के बारे में जानकारी मिली, जिनसे वे पहले परिचित नहीं थे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रदीपकांत खरे, सहायक प्राध्यापक ने किया और इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्नर न्यूज

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी और मैक कॉलेज में विदाई समारोह

# ढोल-नगाड़ों के साथ सीनियरों को दी यादगार विदाई, आंखें नम, सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मन मोहा

यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग द्वारा एहसास विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विदा हो रहे विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। यह कार्यक्रम एक शानदार उत्सव के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें भावुक भाषणों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम था।

**रायपुर।** कार्यक्रम में स्नातक बैच की यात्रा और उनकी यादों को साझा किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज के लिए सार्थक योगदान देने की दिशा में कदम बढ़ाएं। यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति रविशंकर जी महाराज ने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, शिक्षा अज्ञानी को ज्ञान, शक्ति और क्षमता प्रदान करती है। यह व्यक्ति को उच्च बनाती है और समाज शिक्षित व्यक्तियों से बड़ी उम्मीदें रखता है, क्योंकि वे ज्ञान, बुद्धि और विवेक के संरक्षक होते हैं।




### ढोल-नगाड़ों से किया सीनियरों का स्वागत

महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत ढोल-नगाड़ों, तिलक और फूलों के साथ पारंपरिक तरीके से सीनियरों का स्वागत कर की गई। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें नृत्य, गायन, कविता और नाटक ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से छात्रों द्वारा तैयार किए गए वीडियो की प्रस्तुति ने सीनियरों की आंखें नम कर दीं और उन्हें उनके कॉलेज जीवन की याद दिलाई।




### रेट्रो क्लासिक्स गीतों पर झूमे स्टूडेंट्स

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने समूह और एकल नृत्य प्रस्तुति दीं। प्रस्तुति में रेट्रो क्लासिक्स से लेकर समकालीन बॉलीवुड हिट गानों तक का समावेश था, जो सभी के दिलों को छू गया। इसके अलावा एक विशेष छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें क्षेत्रीय गौरव का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में कई मजेदार खेलों का आयोजन भी किया गया, जिससे सीनियर और जूनियर के बीच खुशी और सौहार्द्र का माहौल बना। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के बीच एकजुटता और दोस्ती को बढ़ावा दिया, साथ ही उन्हें सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का भी मौका दिया।



## सिटी लाइव

# हर बच्चा सम्मानजनक वातावरण और सुरक्षा का हकदार : राजवाड़े




**रायपुर।** न्यू सर्किट हाउस में किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रति जागरूकता बढ़ाने एक दिवसीय कार्यशाला-सह-परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाल संरक्षण से जुड़े प्रत्येक मामले में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई बेहद आवश्यक है। इस दौरान सभी को बाल विवाह रोकने शपथ भी दिलाई और बताया कि छत्तीसगढ़ में लगातार बाल विवाह में गिरावट आ रही है, जिसे सबके सहयोग से हमें शून्य तक ले जाना है। कार्यशाला की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने की। डॉ. शर्मा ने कहा कि हर बच्चा एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण का हकदार है। हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि हम कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करें।

### कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं भी चर्चा

तकनीकी सत्रों में प्रशिक्षकों विपीन ठाकुर एवं शरवत हुसैन नकवी ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता, विभागीय कर्मचारी तथा बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के लगभग 170 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत विधि से संघर्षरत बच्चों एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास और उनके सर्वोत्तम हितों की रक्षा संबंधी प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा की गई।

## आराधना

# भव्य मंगल कलश यात्रा से होगा रामकथा महोत्सव का शुभारंभ



**रायपुर।** अम्लेश्वर थाने के पास स्कूल ग्राउंड में आयोजित श्री रामकथा के पहले दिन रविवार को तीन सौ से अधिक माताओं और बहनों द्वारा भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। अम्लेश्वर तालाब से माताओं और बहनों द्वारा मंगल कलश यात्रा भजन करते हुए प्रमुख मार्गों से होते हुए कथास्थल तक निकाली जाएगी। आयोजक महेंद्र साहू ने बताया कि श्री रामचरित मानस महोत्सव रूपी गंगा का रसपान करने का अवसर अम्लेश्वर, रायपुर और दुर्ग के भक्तों को मिलेगा। आचार्य युवराज पांडे के श्रीमुख से सात दिनों तक भक्तों को भगवान की कथा का रसपान करने का मौका मिलेगा। आने वाले भक्तों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था के साथ ही गर्मी से राहत देने के लिए भी पंडाल में व्यवस्था की गई है।

### दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी कथा

रविवार को पहले दिन वेदी पूजन, मंगल कलश यात्रा, व्यासपीठ पूजन, श्री रामचरित मानस पाठ और हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। चूंकि कथा का रविवार को पहला दिन होगा, इसलिए शाम को ही कथा शुरू होगी। सोमवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का रसपान आचार्य द्वारा भक्तों को कराया जाएगा। आयोजक परिवार ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि इस श्री रामकथा रूपी गंगा में डुबकी लगाने के लिए सपरिवार आएं।

## धर्म लाइव

# आदिशक्ति ने असुरों-दैत्यों का नाश करने के लिए कई बार लिया अवतार



**रायपुर।** भारत माता स्कूल के पास टाटीबंध में जारी श्रीमद देवी भागवत पुराण में भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मां भगवती अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए महिषासुर जैसे दुर्गम दैत्यों का नाश करती है। आदिशक्ति भगवती ही मां दुर्गा है, मां पार्वती भी दुर्गा अवतार लेकर बड़े से बड़े दैत्यों-असुरों का वध करके भक्तों पर कृपा करती हैं। भागवताचार्य ने शनिवार को मणिद्वीप, देवताओं द्वारा देवी की स्तुति, अयोध्या और काशी में दुर्गा की आराधना, नवरात्रि व्रत विधान, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण द्वारा की गई शक्ति उपासना, पूजा एवं महिषासुर जैसे दैत्य के वध की कथा को प्रसंगवत करते हुए बताया कि महिषासुर एक असुर था, जो महिष (भैंस) और असुर (राक्षस) का मिश्रण था। इसका अर्थ है भैंस और राक्षस।

### महिषासुर मर्दिनी रूप में जुड़ीं

वह देवताओं से युद्ध करने वाले असुरों का राजा था। उसे वरदान प्राप्त था कि उसे कोई मनुष्य या देवता नहीं मार सकता, केवल एक नारी शक्ति ही मार सकती है। महिषासुर को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। कुछ कथाओं में महिषासुर को रंभ असुर और एक भैंस के संयोग से होना बताया है। महिषासुर प्रसंग अक्सर देवी दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी रूप में जुड़ा है। महिषासुर की कथा भारत में विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक संदर्भों में भी देखी जाती है। यह प्रसंग शक्ति, वीरता और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यजमान रिखीराम यादव परिवार ने आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

## शहीद स्मारक भवन में सीक्रेट हॉर्ट्स स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड डांस की पहल पर जुटे प्रतिभागी

# सुर-ताल के साधकों ने शास्त्रीय गायन और नृत्य को भाव-भंगिमाओं से साधा, सजा नाद निरंजनम उत्सव

'जाने कितनी ही प्रतिभाएं हैं, जिन्हें कला का प्रदर्शन करने के लिए कभी अवसर भी नहीं मिल पाता है। शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की विधा में पारंगत ऐसी प्रतिभाओं को खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से समबद्ध सीक्रेट हॉर्ट्स स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड डांस ने लगातार दूसरे साल भी हुनर दिखाने के लिए मंच दिया। इसमें सुर-ताल के साधकों ने शास्त्रीय गायन एवं नृत्य को भाव-भंगिमाओं से बखूबी साधने का भी प्रयास किया। कलाकारों ने ऐसी धूम मचाई कि दर्शक दीर्घा में पैरेंट्स भी उत्साह से लबरेज नजर आए।'

**रायपुर।** शहर के जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में नृत्य की विधा से जुड़े उभरते कलाकारों को मंच देने के लिए सीक्रेट हॉर्ट्स स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड डांस की प्राचार्य गीता राव और डायरेक्टर एनएच राव ने शनिवार को अनूठी पहल की। इससे नाद निरंजनम उत्सव में रंग जमाने के लिए खैरागढ़, ओडिशा समेत बनारस से भी कलाकार गॉर्जियन्स के साथ बतौर प्रतिभागी मंच साझा करने के लिए पहुंचे। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी बड़े शहरों से प्रतिभागी शिरकत करने के लिए मौजूद थे। इनमें 4 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के महिला व पुरुष कलाकार प्रतिभागी के रूप में नृत्य करने के लिए आए। हर किसी ने जोश और उत्साह से मंच पर परफॉर्मेंस दिया। कलाकारों को मंच से जोड़ने का दायित्व संचालन करते हुए स्वर्णाली मुखर्जी ने निभाया।





### कलाकारों के बीच गुरुओं का सम्मान

डायरेक्टर श्री राव ने बताया, ओडिसी, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक सहित अलग-अलग विधा के गुरुओं का सम्मान करने के लिए विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद संतोष साहू के साथ ही संदीप अखिल भी मंचस्थ थे। इनके द्वारा नृत्य शिक्षिका प्रति गोस्वामी के साथ ही लक्ष्मीकांत पाणीग्रही, साहिल खान सहित कई गुरुओं का मोमेंटो और शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। उभरती प्रतिभाओं को जानने, समझने का अवसर भी मिला। प्रतिभागियों की प्रस्तुति पर निर्णायक अश्विनी चौहान, प्रतिभा गोस्वामी और परितोष उपाध्याय ने पैनी नजर रखी।



### हर विधा के महारथियों ने दिखाया दम

स्टेज पर रंगीन लाइटों के बीच भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, कथक के साथ मोहिनीअट्टम, लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुए कलाकारों ने अपने गुरुओं का मान बढ़ाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। आयोजक ने बताया कि लगातार दूसरे साल अप्रैल माह में ही एक दिवसीय आयोजन का यह सिलसिला जारी रखते हुए नृत्य की विधा से जुड़े 145 प्रतिभागियों ने सुबह 11 से रात 11 बजे के बीच मंच साझा किया। इसमें हर विधा में पारंगत महारथियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति का जलवा बिखेरते हुए दर्शकों के बीच दम दिखाया।





### मोबाइल से दूरी बनाएं, नशे से रहे दूर

चीफ गेस्ट के रूप में विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा वर्तमान दौर में मोबाइल बड़ी समस्या का रूप ले रही है। इसने संस्कारों की पौध को सहेजने का भाव परिवारों से खत्म कर दिया है। युवा नशे की आगोश में जा रहे हैं। मैने अपना समय दिया, तो आपका भी समय लूंगा, मजाकिया अंदाज से लोगों को गुदगुदाते हुए उन्होंने लोगों को भविष्य की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहने अलर्ट किया। युवाओं को नशे से दूरी और करियर के लिए इसे खतरा बताया। सभी अतिथि आशीष वचन देते हुए विदा हुए।

### क्लासिकल नृत्य को बढ़ावा देने पहल

आयोजन के लिए सजाए गए स्टेज पर क्लासिकल नृत्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इसमें गुरु के सामने शिष्याओं और शिष्यों ने परंपरा को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया। वहीं उत्सव की अंतिम कड़ी में भी म्युजिकल स्टूमेंटल परफॉर्मेंस की श्रृंखला में तबला, हारमोनियम, वीणा, सितार के साथ ही गायन की विधा को भी आयोजन का हिस्सा बनाया। इसे देखने के लिए सुबह से देर-रात तक संगीत एवं नृत्य प्रेमी दर्शक दीर्घा में जमें थे। इनके बीच विजेताओं को सर्टिफिकेट्स और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

# स्ट्रीम चुनने से पहले ट्रायल क्लासेस का सहारा ले रहे स्टूडेंट्स, कांउसिलिंग से मिल रही सही दिशा

**रायपुर।** 10वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट आने में अभी वक्त है, लेकिन स्टूडेंट्स अभी से ही स्ट्रीम सलेक्शन के लिए कॅरियर काउंसलर से मिल रहे हैं। यही प्रक्रिया स्कूलों में भी जारी है, जहां टीचर्स बच्चों को गाइड कर रहे हैं। यही नहीं 10वीं की परीक्षा दे चुके स्टूडेंट्स को फिलहाल ये छूट दी गई है कि वे ट्रायल बेस पर सब्जेक्ट का चुनाव कर पढ़ सके और समय रहते हुए सब्जेक्ट बदल सके। इसके लिए बच्चों को 7 से 30 दिन का समय दिया जा रहा है। शहर के अधिकांश स्कूलों में 25 तरह के ऑप्शनल सब्जेक्ट भी हैं। इसे लेकर भी बच्चों में भ्रम की स्थिति है। जैसे किसी स्टूडेंट को कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करना है तो वह वैकल्पिक विषय में कंप्यूटर साइंस ले रहा है। काउंसिलिंग में ये बेसिक नॉलेज भी दी जा रही है कि इंजीनियर बनने के लिए 11 वीं में कंप्यूटर लेने की जरूरत नहीं, बल्कि जेईई की तैयारी करनी चाहिए।



### मानसिक तनाव और प्रेशर नहीं, पालक परेशान

ट्रायल बेस के लिए सब्जेक्ट सलेक्शन की प्रक्रिया जिन स्कूलों में रखी गई है, उनका कहना है कि पैरेंट्स अपने बच्चों पर मानसिक दबाव डालते हैं। डॉक्टर और इंजीनियर के लिए मैथ्स या साइंस सब्जेक्ट लेने का प्रेशर डाला जाता है। ट्रायल करने पर एक महीने में बच्चे और पैरेंट्स दोनों को समझ जाते हैं कि वो सही विषय का चुनाव कर रहे हैं या नहीं। ये प्रक्रिया पूरी होने पैरेंट्स को बुलाया जाएगा और सब्जेक्ट च्वाइस के लिए बच्चों पर मानसिक दबाव नहीं डालने की सलाह दी जाएगी। इधर पालक भी खासे परेशान हैं।

### सब्जेक्ट चयन के लिए इन बातों का रखें ध्यान

- मैथ्सः इलेक्टिव सब्जेक्टः फिजिकल एजुकेशन, हिंदी लैंग्वेज, लीगल स्टडीज, साइकोलॉजी, एनसीसी।
कॅरियर स्कोपः इंजीनियरिंग, इंडियन आर्मर्ड फोर्सेस
क्या करेंः न्यूमेरिकल एबिलिटी को परखें।
- बायोलॉजीः इलेक्टिव सब्जेक्टः साइकोलॉजी, फिजिकल एजुकेशन।
कॅरियर स्कोपः मेडिकल, न्यूरोसाइंस, नर्सिंग, एलोपैथिक, फॉर्मेसी, आयुर्वेद, होम्योपैथी।
क्या करेंः खुद की कैपेसिटी को देखें।
- कॉमर्सः इलेक्टिव सब्जेक्टः एप्लाइड मैथ्स, फिजिकल एजुकेशन, इंटरप्रेन्योरशिप।
**कॅरियर स्कोपः** अकाउंट, स्टैटिक्स सीए, सीएस
क्या करें तार्किक योग्यता को परखें।
ह्यूमैनिटीजः लीगल स्टीज, साइकोलॉजी, मैथ्स।
कॅरियर स्कोपः सिविल सर्विसेज, साइकोलॉजी, डाइटीशियन।

# पोप फ्रांसिस और पहलगाम में दिवंगत नागरिकों को महागिरजाघर में दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सेंट जोसेफ महागिरजाघर में शनिवार को आर्च डायोसिस ऑफ रायपुर द्वारा दिवंगत पोप फ्रांसिस और कश्मीर के पहलगाम में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर ने पोप के जीवन और उनके सेवा कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पोप को 22 जून 2022 को अपने जीवन के अंतिम पड़ाव के संकेत मिल गए थे और उन्होंने एक पत्र में इसका उल्लेख किया था। पोप हमेशा कहते थे कि कैथोलिकों को दुखी चेहरों के बजाय आनंदित रहना चाहिए, क्योंकि वे पुनर्जीवित और मृत्युंजय परमेश्वर के पुत्र प्रभु यीशु मसीह में विश्वास रखते हैं।



### सर्व आस्था मंच की श्रद्धांजलि सभा आज

*सर्व आस्था मंच की श्रद्धांजलि सभा रविवार को नगर निगम कार्यालय के सामने शाम 5.30 बजे होगी। श्रद्धांजलि सभा में काश्मीर के पहलगाम के दिवंगत नागरिकों और पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी जाएगी। सभा में सभी धर्म व समाज के अनुयायी शामिल होंगे। सर्व आस्था मंच एक गैरराजनीतिक सामाजिक संगठन है, जो समाज में शांति, सर्वधर्म सद्भाव व भाईचारे के लिए कार्य करता है।*

आर्च बिशप ने आतंकवाद और आंतरिक आतंकवाद की कड़ी निंदा की और कहा कि यह किसी भी समाज, धर्म या समुदाय में जगह नहीं रखता। पोप आतंकवाद के सबसे बड़े विरोधी थे और उनके स्वर्गवास के एक दिन बाद पहलगाम में हुई घटना बेहद दुखद है। इस श्रद्धांजलि सभा में विकार जनरल फादर सेबेस्टियन, मुख्य पल्ली फादर जॉन जेवियर सहित प्रदेशभर के फादर्स, सिस्टर्स, संस्थाध्यक्ष और कैथोलिक समुदाय के लोग मौजूद रहे, जिन्होंने पोप और कश्मीर में शहीदों के लिए प्रार्थना की।

## भनपुरी में जारी मां शोलापुरी पूजा सुबह से देर-रात तक रहा उत्सव का माहौल, आज होगी माता की विदाई

कार्नर न्यूज

# शोलापुरी माता को अर्पित किया हल्दी-नीम पानी 21 सुहागिनों ने लगाया 21 पकवानों का भोग



**रायपुर।** मंत्रोच्चार के साथ सुबह 7 बजे से भनपुरी में शोलापुरी माता के दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हुआ। शनिवार दोपहर को पंडाल में तब उत्सव का माहौल बना, जब 21 सुहागिनें घर से माता के दरबार में पकाकर लाए गए 21 पकवानों का भोग लगाने कतार का हिस्सा बनी। इस दौरान पंडाल में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने उन्हें रास्ता दिया तो वहीं पुजारी मोहन राव के साथ सेवा देने वाले खड़गपुर से आए सहयोगी पुजारियों ने माता को भोग अर्पित करने की परंपरा निभाई। मंत्रोच्चार की गूंज के बीच सुहागिनों द्वारा माता की आवभगत की गई। इससे पहले सुबह पुजारियों ने विधि-विधान से माता को हल्दी-नीम पानी अर्पित किया।





### श्रद्धालु पंडाल में करेंगे श्रृंगार दर्शन

रविवार को श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा समिति के इस 18वें आयोजन का समापन होगा। इससे पहले सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माता का श्रृंगार दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिलेगा। वहीं दोपहर में संरक्षक नागभूषण राव, अध्यक्ष पी. पापा राव, कार्यवाहक अध्यक्ष एम. वासु राव, एम. त्रिनाथ राव, जे. कृष्णा राव और ओ. शंकर राव की अगवाई में 301 किलो व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इस बार भी 21 सुहागिनें एक-एक ग्राम वजनी सोने का मंगलसूत्र माता को अर्पित करेंगी। इसके बाद शाम को धूमधाम से विदाई के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### पंडाल में बढ़ रही महिलाओं की भीड़

देर रात तक लोग कालीस्वरूप में शोलापुरी माता की एक झलक पाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे। इसे देखते हुए पूजा उत्सव के आयोजकों ने भव्य पंडाल में गर्मी को देखते हुए कूलिंग का पर्याप्त इंतजाम किया। इसमें सुबह से लेकर 11 बजे तक पूजा का विधान किया गया। लोग इसमें शामिल होने के साथ ही पुण्यलाभ लेने पूजा सामग्री के साथ पहुंचे। इसमें महिलाओं की भीड़ हर दिन बढ़ रही है। मेहमान आने पर घर में महिलाएं जिस तरह से उनका स्वागत करती हैं, कुछ ऐसा ही नजारा पंडाल में देखने लायक है।

## खबर संक्षेप



### चपरीद में आयोजित हुआ अंगना में शिक्षा कार्यक्रम

**आरंग।** शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला चपरीद में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसे पढ़ाई तिहार मेला के रूप में लेते हुए नव प्रवेशी बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया तथा छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा अंक पहचाना, वर्गीकरण करना, गिनती करना पेपर फोल्डिंग करना, क्रम से वस्तुओं को रखना, जोड़ना घटाना, रंग भरना संतुलन बनाकर चलना जैसी गतिविधि माताओ की सहभागिता से की गई तथा माताओ को प्रेरित किया गया की वे घर पर ही सरल एवं रोचक गतिविधियों के द्वारा बच्चों को तैयार कर स्कूल भेजने की तैयारी कर सकती है जिससे बच्चा सीखने की दिशा में तेजी से आगे बढ़े। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित माताओ एवं प्रधान पाठक मृणाल पांडे तथा शाला परिवार की उपस्थिति रही।

### भोथली स्कूल का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित




**आरंग।** शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला भोथली एवं पूर्व माध्यमिक शाला भोथली के स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित कर बच्चों को प्रगति पत्र रिजल्ट प्रदान किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर भूमिका, मेघराज, खुशी, मोनिका आगे रहे जबकि मिडिल में मेघा व हंसिका आगे आए। इस अवसर पर उपस्थित शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृष्णचंद खूंटे, नन्द कुमार आडील एवं सदस्य गणों ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना गुरु के ज्ञान नहीं मिल सकता, अतः गुरुजनों की आज्ञा का पालन करें एवं पुस्तके ज्ञान का भंडार है, गर्मी की छुट्टियों में भी अभ्यास में लग रहे। उन्होंने सभी बच्चों को सफल होने पर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक तारामती बंजारे, प्राथमिक प्रधान पाठक दिगंबर बरिहा, शाला परिवार कृष्णा चंद्राकर, सुंदर लाल साहू, विनोद यादव, विष्णु प्रसाद ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### धरसींवा में प्लाटिंग माफियाओं का दबदबा, प्रशासन निष्क्रिय

**धरसींवा।** ब्लॉक मुख्यालय और इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। यह खेल इतना गहरा और व्यापक हो चुका है कि इसने क्षेत्र के सामाजिक और प्रशासनिक ताने-बाने को खतरे में डाल दिया है। चिंता की बात यह है कि इस अवैध कारोबार के सूत्रधार स्थानीय लोग नहीं, बल्कि बाहरी व्यक्ति हैं, जिनके हाथों में क्षेत्र की जमीनें एक तरह से गिरवी रखी जा रही हैं। सबसे भयावह पहलू यह है कि इन अवैध प्लाटिंग और भूमि हस्तांतरण की कोई भी आधिकारिक सूची न तो पंचायत के पास उपलब्ध है और न ही सरकार के किसी विभाग के पास। धरसींवा तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन तिहार में आए शिकायत के आधार पर कुछ गांवों में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही हुई है। वहीं धरसींवा सहित इलाकों में जांच चल रही है।

# रजिस्ट्री के साथ नामांतरण से राहत पर पुराने मामलों में लोचा, 17 हजार से ज्यादा पेंडिंग

## उनका निराकरण पुराने सिस्टम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने जल्द ही ये व्यवस्था शुरू करने जा रही है कि किसी संपत्ति, जमीन, मकान की रजिस्ट्री के तुरंत बाद उसका नामांतरण भी हो जाएगा। पहले यह प्रक्रिया लंबी और खरीदारों को उलझाने वाली थी। सरकार ने जो बदलाव किया है वह प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत देने वाला है। लेकिन इसके साथ ही ये सवाल भी है कि नामांतरण की नई प्रक्रिया शुरु होने के पहले इससे संबंधित जो प्रकरण लंबित हैं, उनका क्या होगा। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 में ही विवादित नामांतरण के 17 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें से एक से लेकर दो साल और उससे भी अधिक पुराने हैं।

■ नए सिस्टम में पोर्टल से हो जाएगा नामांतरण




### सरगुजा टॉप पर उसके बाद रायपुर-बिलासपुर

अगर किसी जमीन, मकान या अचल संपत्ति को किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर करने के समय तीसरा व्यक्ति या कुछ और लोग मालिकाना हक के दावेदार के रूप में सामने आ जा रहे हैं, तो नामांतरण के ऐसे मामलों को राजस्व विभाग विवादित नामांतरण के प्रकरणों में शामिल कर लेता है। छत्तीसगढ़ में ऐसे दो चार हजार नहीं, बल्कि 17 हजार से अधिक मामले हैं, जिनका निपटारा नहीं हो पाया है। खास बात ये है इस तरह के लंबित मामलों में सबसे अधिक संख्या सरगुजा जिले की है। इसके बाद रायपुर जिले का नंबर आता है। तीसरे नंबर पर सबसे अधिक लंबित प्रकरणों वाला जिला बिलासपुर है।

### क्या होता है नामांतरण

जमीन के सरकारी दस्तावेज में मालिक का नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया को नामांतरण कहते हैं. अगर इस प्रक्रिया में किसी तरह का विवाद हो, तो उसे राजस्व विभाग में विवादित नामांतरण कहते हैं। विवादित नामांतरण के मामलों में सभी पक्षों की सुनवाई होती है। राज्य में नामांतरण की नई व्यवस्था लागू होने से पहले अब तक की प्रचलित व्यवस्था में तहसीलदार, ई-नामांतरण पोर्टल से प्रकरण को अपने ई-राजस्व न्यायालय में स्थानांतरित कर पंजीकृत करता है। विवादित प्रकरणों का निस्तारण होने के बाद, तहसीलदार खसरे और रसीद बही में प्रविष्टियां संशोधित करता है। इसी आधार पर जमीन, मकान या अन्य अचंल संपति का मालिकाना हक तय होता है।

### केवल नई रजिस्ट्री में लागू होगी नई व्यवस्था

पंजीयन विभाग के जानकार सूत्रों का कहना है कि राज्य में लागू होने जा रही नामांतरण की नई प्रक्रिया के दौरान केवल नए प्रकरणों में ही नामांतरण होगा। जो मामले पुराने और पहले से लंबित और विवादित है, किसी भी न्यायालय में चल रहे हैं, वे पहले की तरह चलते रहेंगे। उनका निपटारा पूर्व निर्धारित प्रक्रिया से होगा। वजह ये है कि रजिस्ट्री के बाद नामांतरण का अधिकार रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को दिया जा रहा है। इससे पहले यह अधिकार तहसीलदार के पास था। अब नया बनने वाला सिस्टम ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालित होगा। इस सिस्टम में पुराने प्रकरणों को लेकर को प्रावधान नहीं होगा।

### ये है विवादित नामांतरण मामलों का ब्योरा

राजस्व विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-24 में विवादित नामांतरण के कुल 62 हजार 283 प्रकरण दर्ज राज्य में दर्ज किए गए। इनमें 45 हजार 196 का निपटारा हो गया। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों की संख्या 17 हजार 87 है। समय सीमा के भीतर के प्रकरण 12 हजार 264 है। लंबित मामलों में सबसे अधिक सरगुजा के 1930, रायपुर के 1869, बिलासपुर के 1281, दुर्ग के 1181, सूरजपुर के 1056 प्रकरण है। सबसे कम में नारायणपुर में 12, सुकमा में 17 बीजापुर 18, प्रकरण है। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि राज्य का कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जहां विवादित नामांतरण के मामले न हो। कोई जिला ऐसा नहीं है जहां ऐसे मामले लंबित न हों। राज्य में एक साल तक से लंबित 1795, दो साल या उससे अधिक समय से लंबित मामले 1196 हैं।

### 30 से 45 दिनों में नामांतरण होता है

नियम के हिसाब से संपति का नामांतरण 30 से 45 दिनों में करने का प्रावधान है। लेकिन समय सीमा के बाहर एक साल तक के 1832 प्रकरण, एक से दो साल के 1795 प्रकरण और दो साल से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या 1196 है।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में विलंब करने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का त्वरित और सहज लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फौती–नामांतरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा, विधिक वारिसान के पक्ष में फौती नामांतरण समय पर सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, तय समय सीमा में नामांतरण न होने पर संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई करें।

■ मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा- राजस्व न्यायालय का संचालन सप्ताह में दो दिन हो

मुख्यमंत्री ने कहा, आरबीसी 6-4 के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही में विलंब न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित परिवारों को लंबे समय तक भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को इसकी सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग का सीधा संबंध आम जनता से है, अतः मैदानी अमले की लापरवाही शासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने और सभी आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व, कृषि, खाद्य तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभागों की संयुक्त टीम गठित कर भूमि और फसल से संबंधित सटीक जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, डॉ. बसवराजू, चिप्स के सीईओ प्रभात मलिक तथा राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### दो पेशी में ही हो प्रकरणों का निराकरण

उन्होंने कहा, राजस्व न्यायालय का संचालन सप्ताह में न्यूनतम दो दिन अनिवार्य रूप से किया जाए और दो पेशी में ही प्रकरणों का निराकरण हो। अति आवश्यक परिस्थितियों को छोड़कर पेशी की तिथि बढ़ाने से बचा जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग कर डायवर्सन प्रक्रिया को सरल और सहज बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने अविवादित नामांतरण और बंटवारे के मामलों में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

### आमजनों को सुविधा देना सर्वोच्च प्राथमिकता : टंकराम

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने समीक्षा बैठक में कहा, शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही जमीन की खरीदी-बिक्री सुनिश्चित की जाए और राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण कर भू-धारकों को शीघ्र राहत दी जाए। आम नागरिकों को न्याय और सुविधा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### माडर्न रिकार्ड रूम का कार्य पूर्णता की ओर : चंपावत

राजस्व सचिव अविनाश चंपावत ने विभागीय कार्यों और गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमि अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण, पंजीयन का डिजिटलीकरण तथा मॉडर्न रिकॉर्ड रूम का कार्य पूर्णता की ओर है। साथ ही उन्होंने राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के डिजिटलीकरण, किसान पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे और जियो-रेफरेंसिंग कार्यों की प्रगति से भी अवगत कराया।

# सांकरा में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**सिलयारी।** धरसींवां जनपद पंचायत के ग्राम सांकरा में शासकीय भूमि के अवैध कब्जे और बंदरबांट का मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमि का अवैध तरीके से बंटवारा किया जा रहा है, जिसमें कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों का संरक्षण भी शामिल है। ग्राम सांकरा में शासकीय भूमि को लेकर चल रहे इस खेल ने स्थानीय निवासियों में चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमाफिया बिना किसी डर के सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, जबकि संबंधित अधिकारियों की आंखें बंद हैं। स्थानीय निवासी ने कहा हमने कई बार इस मुद्दे को उठाया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। यह सरकार की जमीन है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी संपत्ति समझकर बेच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कुछ राजनीतिक नेताओं की संलिप्तता भी है, जो भूमाफियाओं को संरक्षण देकर अपनी स्वार्थी राजनीति कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी जमीनों का यह बंदरबांट केवल एक आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक समस्या बनता जा रहा है। हालांकि, स्थानीय लोग अब कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि उनकी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा सकें।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

*वहीं ग्राम सांकरा में सरकारी नहर पर बिना किसी परमिशन के सीमेंट पोल नहर में डाल कर उस पर मुरुम डाल रोड बनाया गया है जिससे रास्ता बनाकर जमीन को रोड से लगा बता कर अधिक पैसो में जमीन बेच सके। वहीं एक और दूसरी जगह भी वहीं किया गया बाउंड्री पोल भी गड़ा दिया गया है। इस संबंध में ग्राम के उपसरपंच योगेश्वर साहू से जानकारी लेनी चाही उसका कहना था कि जिसके द्वारा किया गया कारवाही किया जाए साथ ही इसकी जानकारी ग्राम पंचायत सांकरा सचिव रतन चंद साहू का भी कहना है कि उसको इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दोषियों पर कार्यवाही किया जाएगा।*

### ब्राइट पब्लिक स्कूल गोढ़ी का परीक्षाफल घोषित

**आरंग।** शनिवार को ब्राइट पब्लिक स्कूल गोढी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें स्कूल के सभी विद्यार्थीयों ने अपने कड़ी मेहनत व लगन से परिक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। स्कूल के प्राचार्य अमित सोनवानी एवं सभी शिक्षक चन्द्रेशवरी जांगड़े, नीतु वर्मा, कल्याणी कोशरीया, काजल साहू, दामिनी वर्मा, सुमन वर्मा, विशाखा साहू, गोदावरी ध्रुव, शशी साहू ने सभी विद्यार्थी को बधाई दी।

### जय नगर में निशुल्क समर कैंप शुरू

**रायपुर।** संजय नगर स्थित राधाकृष्णा मंदिर के सामने आकांक्षा ब्यूटी पार्लर में 20 अप्रैल से 10 मई तक निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प में विभिन्न प्रकार के कोर्सेस जैसे ब्यूटी पार्लर बेसिक कोर्स, मेहंदी, पेंटिंग, मेकअप, हेअर स्टाइल, जुम्बा डांस एवं सिलाई प्रशिक्षण शामिल है ।

# प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ आरंग के ब्लॉक अध्यक्ष बने सालिक नौरंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष रायपुर एस.एस सोनी ने संघ संविधान मे प्रदत्त अपने अधिकार का उपयोग करते हुए सालिक नौरंगे नेत्र सहायक अधिकारी को आरंग का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। बता दे की पूर्व कार्यकाल 3 वर्ष बीत जाने के कारण समाप्त हो गया था, इसलिए पुनः नौरंगे को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। संघ ने पुनः भरोसा जताया उसके लिए नौरंगे ने संघ पदाधिकारयों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय महामंत्री एस.पी देवांगन, जिला अध्यक्ष एसएस सोनी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द चंद्राकर, प्रांतीय सचिव रुनू दत्ता, जिला अध्यक्ष नेत्र प्रकोष्ठ गौतम रात्रे, बीपीएम दीपक मिरे, डॉ. राहुल चोपड़ा, मुकेश टंडन, ब्लॉक अध्यक्ष सीएचओ पायल वर्मा, ब्लॉक सचिव बेदराम चतुर्वेदी, संरक्षक पूनम यादव, मुकेश साहू, दिव्या बैस, प्रभाती कर्मकार, टकेश सेन, कमल बर्मन, अन्नपूर्णा वर्मा, ईश्वर कन्नौजे, चंद्रशेखर राव, राहुल ध्रुव, सुष्मिता मसीह, राज मैरिसा, असवन टंडन सहित बड़ी संख्या मे अधिकारी कर्मचारीयों ने ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी।




# गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल रीवा में 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल रीवा में प्रतिभा सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 5वी के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं आनंददायक गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया और स्कूल की स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम में विगत वर्ष प्री प्राइमरी एवम प्राइमरी कक्षाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, इसके अन्तर्गत संस्थान के संस्थापक स्वर. पं. दीनानाथ चतुर्वेदी एवं कृष्णा देवी चतुर्वेदी मेंडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यनरत विद्यार्थियों के पालकों द्वारा अपने छात्र जीवन के स्मृतियों को साझा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संचालक यशवंत कुमार चतुर्वेदी, नोडल प्राचार्य आरपी चंद्राकर, व्याख्याता गीतांजलि चंद्राकर, ईश्वर प्रसाद साहू, डागेश्वर साहू एवम समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधान पाठक उमर खान द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सरस्वती ज्ञानदीप स्कूल आरंग में परीक्षा फल उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय आरंग में परीक्षा फल उत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग उपस्थित रहे, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्कर साहू पार्षद ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेंद्र लोधी, भानुमती राकेश सोनकर, संतोष लोधी, वीरेंद्र गोलू कंडरा, सुनीता विनायक खिलेश धुरंधर, चितरेखा विक्रम परमार, सेवती साहू उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत श्रेया चंद्राकर एवं साथी द्वारा प्रस्तुत किया गया। देव कुमारी यादव प्रधान पाठिका द्वारा शालेय गतिविधियों की जानकारी देते हुए परीक्षा फल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं की छात्रा मिथलेश्वरी लोधी को हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर द्वितीय आने के लिए पुरस्कृत किया गया एवं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित अप्सरा पेंसिल की तरफ से चित्रकारी प्रतियोगिता के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। परीक्षा फल में सम्मानित करते हुए डॉ. जैन ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सतत आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। शाला के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश नाथ योगी, सुमन लता योगी, सुनीता लोधी, हेमा पुरांडे, भावना साहू, दीपमाला पटेल, योगेश लोधी, मनीषा देवांगन, रेखा रानी देवांगन, केसरी साहू, कुसुम यादव सभी शिक्षकों ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन योगेश लोधी ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था के संचालक अनूप नाथ योगी द्वारा सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया।




# सिलयारी-कुथरेल में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश

**सिलयारी।** पावर प्लस कहलाने वाला छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के धरसींवा ब्लाक के सिलयारी और कुथरेल बिजली विभाग की मनमानी फिर बढ़ती जा रही है। बार-बार की अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ता त्रस्त है। क्षेत्र में हर 10 मिनट में बिजली बंद होती है। इतना ही नहीं बार-बार ऑन-ऑफ का मजाक जैसा अजब खेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा खेला जाता है। यहां इतना खुला छूट दे दिया गया है कि, ड्यूटी कर रहे ठेका कर्मी जब मन करे तब बिजली बंद कर देतें हैं। अघोषित कटौती और बार-बार की आँखमिचौली से जनता परेशान ही नहीं तंग भी आ चुके हैं। फिर भी विद्युत विभाग धृतराष्ट्र बना बैठा है। गौरतलब है कि, विद्युत वितरण केन्द्र सिलयारी द्वारा बार-बार बिजली बंद करने से क्षेत्र के उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। गर्मियों सीजन में भी भरपूर बिजली देने में अब विभाग हांफने लगा है। मंगसा मोड़ पर स्थित केन्द्र से आसपास के गांवों में बिजली डिस्ट्रीब्यूट होती है। दर्जनों से भी ज्यादा गांवों में बिजली की समस्या रहती है। रात में भी बार-बार बंद-चालू होती रहती है। विभाग जब मन करे तब बिजली बंद कर देता है और जब मन करे चालू कर देता है। बंद करने का स्पष्ट कारण विभाग के पास भी नहीं रहता। कभी सिलयारी स्टेशन से तो कभी कुथरेल स्टेशन से बंद होना बताकर दोनों जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। इधर, जनता विद्युत केन्द्र में फोन लगाते हैं तो कभी रैता, तो कभी सारागांव से बंद होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ने लगते हैं। इधर, उमस और गर्मी से परेशान जनता बिजली के आने की बाट जोहते है। बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जब से नखरे दिखाने शुरू किए तब से लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्योंकि यह सिलयारी क्षेत्र का पुराना और ज्वलंत समस्या है। मजेदार बात तो यह है कि विद्युत विभाग मेंटेनेंस करने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

■ भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती

### 30 साल बाद...

विशेष सभा आयोजित की गई है। शनिवार को श्री राठौर ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ इसकी तैयारियों को लेकर जायजा लिया। रायपुर नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब नगर निगम की विशेष सामान्य सभा निगम मुख्यालय की जगह को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर आयोजित होने जा रही है, वो भी एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे एजेंडे पर। सभापति सूर्यकांत राठौर का कहना है, इस समय गांधी सदन के सामान्य सभागार में रिनोवेशन का कार्य चल रहा है, इसलिए वहां विशेष सामान्य सभा कराना संभव नहीं है। चूंकि शहीद स्मारक भवन भी नगर निगम की प्रापर्टी है, इसलिए निगम की विशेष सामान्य सभा कराने में कोई हर्ज नहीं है। हरिभूमि से चर्चा में निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा, निगम मुख्यालय भवन से बाहर किसी अन्य स्थान पर विशेष सामान्य सभा की बैठक उनकी जानकारी में अब तक नहीं हुई। यह पहला मौका है, जब रिनोवेशन कार्य के चलते निगम मुख्यालय भवन के बाहर बैठक बुलानी पड़ी।

### देना होगा किराया, नहीं...

भी अनुबंध करके किराया देने के लिए राजी हो जाएंगे, उनसे संपत्ति वापस नहीं ली जाएगी, लेकिन जो किराया देने तैयार नहीं होंगे, उनको संपत्ति से बेदखल कर दिया जाएगा। वक्फ अध्यक्ष का कहना है किसी भी हाल में वक्फ की संपत्ति पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। वक्फ की एक-एक जमीन को कब्जा मुक्त कराएंगे। जो भी लोग संपत्ति वक्फ की न होने का दावा कर रहे हैं, वो गलत हैं। हमने सारे दस्तावेज देखने के बाद ही नोटिस जारी किए हैं। नए वक्फ बिल के मंजूर होने के बाद केंद्र सरकार वक्फ की संपत्तियों का सर्वे करा रही है। यहां पर काफी पहले से ही सर्वे चल रहा है। इस सर्वे में प्रदेश के वक्फ बोर्ड को वक्फ की 500 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पर कब्जा होने और फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने की जानकारी मिली है। इसके बाद से ही वक्फ बोर्ड एक्शन में है। बोर्ड ने जिनको नोटिस दिया है, उनमें राजधानी रायपुर के मालवीय रोड के लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, एवन बेकरी, सुप्रीम फुटवियर, पगारिया ज्वेलर्स, महेश रूई भंडार, मो. साजिद सिविल लाइन, मिर्जा बेग, सहित एक दर्जन से ज्यादा लोग शामिल हैं। **कलेक्टर गाइडलाइन से तय होगा किराया** : डा. सलीम राज का साफ कहना है जिन प्रदेश में 400 लोगों को नोटिस दिया गया है, सभी को 21 दिनों का समय दिया गया है। जो दुकानदार और जमीन पर काबिज लोग वक्फ को किराया देने के लिए सहमत होंगे, उनके साथ अनुबंध किया जाएगा। वक्फ का इरादा किसी को भी बेदखल करने का नहीं है, लेकिन जो किराया देने तैयार नही होंगे, उनके खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई होगी और उनको बेदखल किया जाएगा। किराए के बारे में उन्होंने बताया, किराया कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक तय होगा।

## पेज 11 के शेष...

### मुख्यमंत्री सहित चार मंत्रियों...

आसियाने में रहते हैं। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष के बंगले बनकर तैयार हैं। मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के बंगले 2 एकड़ में बनकर तैयार हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री निवास अलग से 8 एकड़ में बनकर तैयार है। सेक्टर 24 में मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के अलावा अधिकारियों के लिए 78 बंगले तैयार किए गए हैं। बंगले तैयार होने के बाद अब तक चार मंत्रियों ने ही यहां पर निवास करना शुरू किया है। संपदा विभाग ने मंत्रियों के बंगले का आवंटन आवेदन आने के साथ शुरू किया। चार मंत्रियों ने यहां पर आवास की मांग की थी, उन्हें दिया गया। यहां चारों ने अपना आसियाना बनाया है। **इन मंत्रियों को आवंटन का इंतजार** : प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री मंत्री विजय शर्मा, अरुण साव, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, ओपी चौधरी को यहां पर आवास आवंटन का इंतजार है। वहीं मंत्री लखनलाल देवांगन को यहां पर आवास का आवंटन हो गया है, पर उन्होंने अभी गृह प्रवेश नहीं किया है।

### मुख्यमंत्री निवास में...

सुसज्जित किया गया है। सीएम आवास की सुरक्षा के लिए हाईटेक तकनीक का उपयोग किया गया है। इसके अलावा प्राइवेट थियेटर, हेल्थ सेंटर, लाइब्रेरी जैसी कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

### साय ने कहा- पाकिस्तानियों को...

कूटनीतिक एक्शन लिया है। इसके तहत भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें जल्द से जल्द देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा अब केवल 27 अप्रैल तक ही वैध रहेगा, जबकि मेडिकल वीजा धारकों को 29 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है। सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अगले 3 दिनों के भीतर भारत छोड़ देना होगा। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। पाकिस्तानी हिंदुओं ने डिप्टी सीएम से मदद की गुहार लगाई : पाकिस्तानी हिंदुओं के एक समूह ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर मदद की गुहार लगाई। उनकी परेशानी सुनने के बाद उन्होंने उन्हें मदद का आश्वासन दिया है। डिप्टी सीएम से मिलने पहुंचे पीड़ितों में शामिल सुखदेव लुंद 45 दिन के विजिटर वीजा पर रायपुर के शदाणी दरबार पहुंचे हैं और उनके साथ परिवार के अलावा 24 लोगों का समूह भी है। श्री शर्मा ने केंद्र सरकार से इनके स्थायी समाधान के लिए बात करने का आश्वासन दिया है।

पीड़ित हिंदू समाज के प्रति सहानुभूति पूर्वक विचार करें- लालः पूज्य शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने पाकिस्तान से आए शरणार्थियों और भारत में बसे पीड़ित हिंदू समाज के प्रति सरकार से सहानुभूति और न्यायसंगत दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। उन्होंने जानकारी दी कि राजधानी रायपुर में इस समय करीब 2000 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी रह रहे हैं। हाल ही में शदाणी दरबार में भी कुछ निर्धन और पीड़ित हिंदू परिवार पाकिस्तान से पहुंचे हैं।

### छत्तीसगढ़ में भी...

के तहत भी यहां बसे हैं। सड्डू, महावीर नगर, बोरियाकला और माना रोड जैसे इलाकों में उन्होंने अपने घर बना लिए हैं। इनमें से कुछ को भारतीय नागरिकता मिल चुकी है, जबकि कई अभी भी प्रक्रिया में हैं।


हार्दिक शुभकामनाएं
श्री विष्णुदेव साय जी
मान. मुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं परिवहन मंत्री
श्री विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
श्री अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
श्री किरण देव जी
अध्यक्ष, भाजपा (छ.ग.)
श्री संजय श्रीवास्तव जी
संरक्षक - बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़
को छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
अनिल पुषदकर
प्रदेशाध्यक्ष- BOFC
भावेश दुबे
महासचिव- BOFC
नवशरण सिंग गरचा
वाइस प्रेसीडेंट-
ऑल इंडिया स्कूल बस एसो.
नरेंद्र पाल गरचा
अनुराग शुक्ला
: शुभेच्छु :
BOFC
बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़
एवं समस्त बस ऑपरेटर्स, छत्तीसगढ़

# बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति के बाद अगले माह होगा नए टैरिफ पर फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली नियामक आयोग में अब तक बिजली के नए टैरिफ पर फैसला नहीं हो सका है, लेकिन अब इसका रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति के लिए पांच मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन आने के बाद मई में सदस्यों की नियुक्ति के बाद जनसुनवाई होगी और इसके बाद नए टैरिफ पर जून तक फैसला हो जाएगा।

खास खबर

बीते साल भी जून से ही नया टैरिफ लागू हो सका था। तब लोकसभा चुनाव के कारण मामला अटका था। इस बार सदस्य न होने के कारण मामला अटका है। यह बात भी तय है कि इस साल भी महंगी बिजली का झटका जरूर लगेगा। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है। अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। नए सदस्यों की नियुक्ति के लिए मार्च में कमेटी बनाई गई थी।

हाई पॉवर कमेटी में रिटायर जज टीपी शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य सचिव और केंद्रीय प्राधिकरण के अध्यक्ष सदस्य रहेंगे। अब जाकर सदस्यों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करके पांच मई तक आवेदव मंगाए गए हैं।

## पॉवर कंपनी ने लगाई है 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

### लगेगा महंगी बिजली का झटका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का



फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।

## खबर संक्षेप

### एम्स में क्यूरियन-2025 की शुरुआत

**रायपुर।** एम्स में शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई, जब संस्थान ने अपने पहले शैक्षणिक महोत्सव क्यूरियन 2025 का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नवाचार, नेतृत्व और समग्र छात्र विकास का उत्सव है। कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल, डीन डा. एली मोहपात्रा, डीन परीक्षा डा. अविनाश एस. इंगेल, डीन अनुसंधान डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा और डीन छात्र कल्याण डॉ. कृष्णदत्त चावली मौजूद रहे।

### निजी स्कूल मैनेजमेंट एसो. ने दी श्रद्धांजली



**रायपुर।** पहलगाम में आंतकियों की गोली का शिकार हुए पर्यटकों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजली अर्पित की है। हाथों में देश की एकता और अखंडता की तख्ती लिये स्कूल प्रबंधन ने इस आंतकवादियों के खिलाफ आक्रोश भी जताया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कहा कि ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिये। सरकार को आंतक फैलाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

## हटाए गए भाजपा के कोरबा जिलाध्यक्ष मनोज गोपाल मोदी नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कोरबा में नगर निगम के सभापति चुनाव में हुई बगावत के बनाई गई जांच समिति की रिपोर्ट के बाद अब प्रदेश भाजपा संगठन ने कोरबा के जिलाध्यक्ष को हटा दिया है। मनोज शर्मा के स्थान पर गोपाल मोदी को नया अध्यक्ष बनाया गया है। इसका आदेश भाजपा ने शनिवार को जारी किया है।

- कोरबा नगर निगम सभापति चुनाव को लेकर हुई थी बड़ी बगावत

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को सभी दस नगर निगमों में जीत मिलने के बाद जहां सभी में भाजपा के महापौर बने वहीं सभी नगर निगमों में भाजपा के सभापति बनने भी तय थे। कोरबा नगर निगम में भाजपा ने जिसको अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया था, उसके खिलाफ पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने चुनाव लड़ा और जीत गए। इसके बाद पार्टी ने उनको पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखाते हुए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसी के साथ पार्टी से अपने मंत्री लखन लाल देवांगन को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था, क्योंकि उन्होंने जीतने वाले सभापति को बधाई देने का काम किया था। इस मामले में मंत्री ने खेद भी प्रगट किया था। इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई थी। इस समिति में संयोजक गौरीशंकर अग्रवाल के साथ दो सदस्य बस्तर संभाग के प्रभारी रजनीश सिंह और प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रीनिवास मद्दी बनाए गए थे। यह समिति कोरबा गई थी और वहां मामले की पूरी जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट पार्टी को सौंपी है। अब भाजपा ने इस मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए पहले कदम पर जिलाध्यक्ष को हटा दिया है। पार्टी आगे जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर और कार्रवाई कर सकती है।

वार्डों का किया अवलोकन, संसाधनों के बारे में की पूछताछ

## चार्ज लेते ही आंबेडकर अस्पताल पहुंचीं सीएमई, उपचार व्यवस्था की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चिकित्सा शिक्षा आयुक्त का चार्ज लेते ही शिखा राजपूत तिवारी ने आंबेडकर अस्पताल पहुंचकर वहां की उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विभिन्न वार्डों का अवलोकन कर अस्पताल प्रबंधन से संसाधनों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में बंद पड़ी और पुरानी मशीनों के बारे में भी पूछताछ की।

सीएमई ने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर, एक्स-रे विभाग, डीएसए ब्लॉक, स्त्री और प्रसूति रोग वार्ड, नियोनेटल केयर यूनिट, एचडीयू वार्ड, कैंसर ओपीडी, कीमोथेरेपी कक्ष सहित प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल का अवलोकन किया। विभिन्न विभागों में चिकित्सकों की उपलब्धता/कमी/आवश्यकता, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन तथा चतुर्थ श्रेणी के भरे तथा रिक्त पदों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही चिकित्सालय के ऐसे विभाग जहां पर मानव संसाधन की तत्काल आवश्यकता है, वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत संविदा नियुक्ति के सम्बंध में अस्पताल के अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उनके साथ चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कागजों से बाहर नहीं आया काम

अस्पताल में मरीजों के उपचार व्यवस्था के विस्तार के लिये बनाई गई सात सौ बिस्तर के एकीकृत भवन की योजना अब तक कागजों से बाहर नहीं आ पाया है। भवन का निर्माण पुराने हास्टल की जगह पर किया जाना है मगर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य के लिए सबसे पहले भवन के पुराने ढांचे के गिराना होगा जिसमें काफी वक्त लगने की संभावना है। एकीकृत भवन का निर्माण होने में सालों लगने की संभावना है।

## अमर पारवानी बने कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने प्रदेश के प्रमुख व्यापारी नेता अमर पारवानी को संगठन का राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। भुवनेश्वर में आयोजित कैट नेशनल गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक के दौरान श्री पारवानी की कार्यशैली, व्यापारिक अनुभव और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया।

कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि छत्तीसगढ़ के व्यापारिक समुदाय के लिए एक गर्व का पल आया है। कैट ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यापारी नेता और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष अमर पारवानी को संगठन का राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। भुवनेश्वर में आयोजित कैट नेशनल गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक के दौरान सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया। इसमें देशभर के 150 से अधिक वरिष्ठ व्यापारी नेताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीया, दिल्ली सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अपने इस सम्मान को लेकर अमर पारवानी ने कहा, यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों को समर्पित करता हूं। यह मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक और बड़ी जिम्मेदारी है कि देशभर के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य किया जाये।

कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने श्री पारवानी के योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव, प्रतिबद्धता और नेतृत्व संगठन के मिशन को और मजबूत करेगा और देशभर के व्यापारियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा।

### श्री श्रेयन आयुर्वेदा पंचकर्म वेलनेस सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम 30 को

**रायपुर।** मातृत्व को एक दिव्य और सशक्त अनुभव बनाने के उद्देश्य से, श्री श्रेयन आयुर्वेदा पंचकर्म वेलनेस सेंटर द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम 'संस्कारित मातृत्व का पथ – गर्भसंस्कार कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बुधवार शाम 4 बजे महाराष्ट्र मंडल, चौबे कॉलोनी स्थित चिकित्सालय में होगा। कार्यक्रम में गर्भधारण की प्रक्रिया को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बेहतर बनाने के विषयों पर चर्चा की जाएगी। मुख्य वक्ता डॉ. पल्लवी क्षीरसागर गर्भसंस्कार की विशेषज्ञ हैं, जो मातृत्व के प्रत्येक चरण में सकारात्मकता लाने के उपाय साझा करेंगी। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा जाधव (एमडी आयुर्वेद) पुणे से विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी और स्त्री स्वास्थ्य एवं गर्भसंस्कार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगी।




## बिजनेस साइट

### न्यू लाईफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड पेन सेंटर में विशेष चिकित्सा शिविर आज

**रायपुर।** 50 बिस्तरों वाला 'न्यू लाईफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड पेन सेंटर' का शुभारंभ हुआ है। यह हॉस्पिटल आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू जैसी सुविधाओं से लैस है। इस अवसर को खास बनाते हुए रविवार को एक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम सवपुर की महापौर मीनल वोबे उपस्थित रहेंगी। शिविर में विशेष ऑफर के तहत सीवीसी, टीएसएच, क्रिएटिनिन, ब्लड ग्रुप, एसजीओटी, एसजीपीटी की जांच सिर्फ 200 रुपए में उपलब्ध होगी। इसके अलावा, पीएफटी, न्यूरोपैथी टेस्ट और बीएमडी जांच पूर्णतः निःशुल्क होंगी। हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में डॉ. सी. पी. वट्टी (इंटरवेंशनल पेन स्पेशलिस्ट), डॉ. डी. के. सिंह (पेन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट), डॉ. भारती खुशरो (प्लास्टिक सर्जन), डॉ. तिलेश खुशरो (चेस्ट स्पेशलिस्ट) और योगिता वट्टी (मा. स्पेशलिटी रिप) शामिल हैं।



### बोर्निओ मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ 29 को

**रायपुर।** रायपुरवासियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई सौगात मिलने जा रही है। 'बोर्निओ मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल' का शुभारंभ 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के करकमलों से होगा। इस अवसर पर कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा में एक नया अध्याय



'केवल देखभाल नहीं, बल्कि प्रेम, सुरक्षा और आजीवन कल्याण का अनुभव' - इस टैगलाइन के साथ बोर्निओ अस्पताल मातृत्व और बाल स्वास्थ्य की सेवाओं को एक नई दिशा देगा। यहाँ गर्भधारण से लेकर नवजात देखभाल तक, हर चरण में विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस अस्पताल में सेवा देने वाली विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में डॉ. नवमिता मांझी, डॉ. नूपुर खंडेलवाल, डॉ. नीलम चंद्रा, डॉ. शिल्पा शाकुरे, डॉ. अनामिका गुप्ता, डॉ. पूजा कढ़ी, डॉ. याशी पिंजानी और डॉ. रश्मि चतुर्वेदी शामिल हैं, जो अपने अनुभव और समर्पण से मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य सेवा को एक नया आयाम देंगी।

### वृंदा चेस्ट एलर्जी सेंटर में स्थापित हुई पहली सीआरडी मशीन




**रायपुर।** वृंदा चेस्ट एलर्जी सेंटर में प्रदेश की पहली सीआरडी (कम्पोनेंट रेजॉल्व्ड डायग्नोसिस) मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है और इसकी मदद से नाक, फेफड़े और त्वचा सहित खाने-पीने की चीजों से होने वाली एलर्जी का सटीक और वैज्ञानिक ढंग से पता लगाया जा सकेगा।



इस मशीन की खासियत यह है कि यह मरीज के शरीर में एलर्जी उत्पन्न करने वाले विशेष प्रोटीन कंपोनेंट की पहचान करती है। इससे न केवल एलर्जी का मूल कारण पता चलता है, बल्कि यह भी जाना जा सकता है कि मरीज को कौन-सी चीजें नुकसान पहुंचा सकती हैं और किस रूप में वे उन्हें सुरक्षित रूप से ग्रहण कर सकते हैं।

डॉ. केदारनाथ देवांगन ने बताया कि बच्चों में खाने की चीजों जैसे अंडा, दूध, चावल, बादाम, गेहूं या सेब से एलर्जी आम बात है। अब सीआरडी टेस्ट से यह जानकारी मिलेगी कि बच्चा किन चीजों को खा सकता है।







